

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-279 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बीएसपी कर्मी की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**दुर्ग,7 जनवरी।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के कर्मचारी की रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है. लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल मिल के कर्मचारी की लाश धनोरा शराब भट्टी से 100 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर मिली है. रेल मिल कर्मचारी प्रवीण देशमुख की रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध हालत में शव देख लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव परिजनों को सौंपदिया है. बताया जा रहा है कि मृतक प्रवीण शुक्रवार से घर से निकला था लेकिन रात 12 बजे तक घर नहीं लौटा. जिसके बाद परिजनों ने नेवई थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी. रिसाली निवासी मृतक प्रवीण देशमुख का रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत शव मिलने के बाद पुलिस ने परिजनो से पुछताछ भी है. शव के कुछ दूरी पर मोबाइल फोन और जेब से आधार कार्ड बरामद किया गया है, जिससे मृतक की पहचान हो पाई. अब पद्मनाभपुर पुलिस इस मामले में हत्या और आत्महत्या के मामलों की जांच कर रही है.

### परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण

**रायपुर, 7 जनवरी।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन्स स्थित चिप्स कार्यालय, कांफ्रेंस हाल में इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए चिप्स को योजनाओं के क्रियान्वयन में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिये



। इस अवसर पर चिप्स द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रस्तुतीकरण देते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रितेश कुमार अग्रवाल ने योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया, जिसपर श्रीमती निहारिका बारिक ने विभागवार चर्चा कर समाधान प्राप्त करने का सुझाव दिया । श्रीमती निहारिका बारिक ने टीम बनाकर अन्य राज्य जैसे मध्यप्रदेश, गुजरात आदि की कल्याणकारी योजनाओं का अध्ययन कर राज्य के परिपेक्ष में रूपरेखा बनाने का सुझाव भी दिया । उल्लेखनीय है कि चिप्स द्वारा अनेक जनकल्याणकारी परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनमें भारतनेट फेस-II, ई-डिस्ट्रिक्ट, स्वान, स्टेट डाटा सेंटर, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल आदि प्रमुख हैं । समीक्षा बैठक में चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रितेश कुमार अग्रवाल के साथ-साथ वित्त नियंत्रक श्री बिनोद कुमार लाल, चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अजितेश पाण्डेय, संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार पटेरिया, श्रीमती अश्रि मिश्रा तथा चिप्स के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### आंध्र में बस-ट्रक की टक्कर में दो की मौत

**विजयवाड़ा ,7 जनवरी ।** आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में रविवार को टीएसआरटीसी की बस और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। हादसा गुडलुरु मंडल के माचेरला के पास हुआ। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) की बस पीछे से एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बस चालक विनोद (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात यात्री घायल हो गए।




**रायपुर, 7 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनामी समाज द्वारा नवा रायपुर में सामाजिक गतिविधियों के लिए जमीन की मांग पर कहा कि राज्य सरकार सतनामी समाज के विकास के लिए जो भी जरूरी सहयोग करेगी। नवा रायपुर में सामाजिक गतिविधियों के लिए जमीन की मांग पर विचार करेंगे।

## जामा मस्जिद के बाहर दीप जलाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जश्न की तैयारी

**लखनऊ,7 जनवरी।** अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ लोगों में उत्साह है. इसी को लेकर आगामी 12 जनवरी से 22 जनवरी तक बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा पूरे देश में दीप जलाने का कार्यक्रम चलाएगा. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि अल्पसंख्यक मोर्चा 12 से 22 जनवरी तक पूरे देश में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम चलाएगा. उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर संगठन अल्पसंख्यक समाज में जागरूकता और भाईचारा बढ़ाने का काम करेगा. जमाल सिद्दीकी ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए वह खुद दिल्ली के निजामुद्दीन दरगाह और जामा मस्जिद इलाके में जाकर दीपक जलाने से संबंधित सामग्री लोगों के बीच बांटेंगे और लोगों को इस बारे में जागरूक करेंगे. वहीं भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के संयोजक यासिर जिलानी ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम सभी 140 करोड़ भारतवासियों के आराध्य हैं, इसलिए मुस्लिम जनता के बीच शांति और सौहार्द्र बांटने के लिए हम तमाम अल्पसंख्यक इलाकों में जागरूकता फैलाने जा रहे हैं. हमारे संगठन के अध्यक्ष खुद अपनी टीम के साथ निजामुद्दीन दरगाह और जामा मस्जिद के बाहर दीप जलाएंगे.भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है- लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में पधार रहे हैं प्रभु श्रीराम, यह ऐतिहासिक क्षण हम सभी के जीवन में बहुत भाग्य से आया है. पग-पग दीप जलाएंगे, राम आएंगे. बता दें कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या भगवान राम के रंग में पूरी तरह से रंग गई है. अगर कहीं कुछ छूट गया है तो उसका रंग रोगन किया जा रहा है.

## नीलामी में दाऊद की संपत्ति खरीद कर खोल दिया सनातन धर्म पाठशाला

**नई दिल्ली,7 जनवरी।** अंडरवर्ल्ड डॉन और मुंबई बम धमाकों के आरोपी दाऊद इब्राहिम की जमीन की नीलामी की जा चुकी है। मुंबई में ही दाऊद इब्राहिम की संपत्ति की नीलामी की गई थी। इस नीलामी का आयोजन स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत अधिकारियों ने किया था। इस नीलामी में दाऊद की पैतृक संपत्ति भी शामिल है जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तहसील में है। ये नीलामी कुल चार संपत्तियों की हुई है।

बता दें कि इस नीलामी में दिल्ली के एक वकील अजय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को मुंबई में 2 करोड़ रुपये से अधिक की नीलामी में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की जमीन के दो टुकड़े हासिल किए हैं। अजय श्रीवास्तव द्वारा दाऊद इब्राहिम की संपत्ति को हासिल करने के बाद उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।जानकारी के मुताबिक ये संपत्तियां भगोड़े आतंकवादी दाऊद इब्राहिम की मां अमीना बी की थीं। दिलचस्प बात यह है कि खरीदारी जितनी दिखती है उससे कहीं अधिक जटिल है क्योंकि बोली जीतने के पीछे वकील का मकसद सिर्फ जमीन हासिल करने से कहीं अधिक है। प्लॉट के लिए आरक्षित मूल्य से काफी ऊपर बोली लगाने के अपने फैसले के बाद अजय श्रीवास्तव ने कहा, मैं संपत्ति पर एक स्कूल स्थापित करूंगा। मैंने दाऊद इब्राहिम के बंगले पर पहले ही 'सनातन धर्म पाठशाला' की स्थापना कर ली है, जिसे मैंने 2020 में खरीदा था।'

उन्होंने बताया कि मैंने कुल दो प्लॉट खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने इसे बड़ी भारी कीमत पर खरीदा है क्योंकि प्लॉट का सर्वेक्षण नंबर मेरी जन्मतिथि से मेल खाता है। मैं ज्योतिष में भी विश्वास करता हूं इसलिए मैंने इसे खरीदा है। पिछली नीलामी में भी मैंने एक प्लॉट खरीदा था।

इस तरह की नीलामी में संपत्ति खरीदने के बाद इसके पीछे उन्होंने कारण भी बताया है। अजय श्रीवास्तव ने कहा कि वो आतंकवादी के खिलाफ खड़े होना चाहते है। खुद को मजबूती के साथ खड़ा करने का उनका ये तरीका है। दाऊद की संपत्ति को खरीदकर दुनिया को बताना जरुरी है कि दाऊद का प्रभाव अब नहीं रहा है। हालाँकि, यह पहली बार नहीं है कि श्रीवास्तव ने दाऊद इब्राहिम से जुड़ी संपत्तियाँ खरीदी हैं। 2020 में, दिल्ली स्थित वकील ने महाराष्ट्र के खेड़ में दाऊद के पैतृक घर को 11.2 लाख रुपये में हासिल कर लिया।

## जब विधायक सेन ने लोगों की बनाई हजामत

■ तरुण छत्तीसगढ़

**दुर्ग,7 जनवरी।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने सेन समाज को सन्देश देने के लिए अपने हाथों में उस्तरा लेकर लोगों की हजामत (सेविंग) करते नजर आए. उनका कहना है कि मैं अपने समाज के उन लोग को मैं संदेश देना चाहता हूं, जो अपना परम्परागत व्यवसाय और जाति छुपाते हैं कि वे अपनी जाति और पुशतैनी व्यवसाय न छिपाए.

छत्तीसगढ़ सेन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष और वैशाली नगर विधायक ने राजधानी रायपुर के एक सेलून में पहुंच खुद ग्राहकों की सेविंग कर समाज के लोगों को यह संदेश दिया है कि कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता है. विधायक ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति ने मानव मूल के जिस परिवार, जाति या धर्म में हमें जन्म दिया है, उसे कभी भी बदलना नहीं चाहिए. उन्होंने आर्थिक तंगी या लालच में धर्म बदलने वालों को भी एक सबक देने का ऐसा प्रयास किया है.

विधायक ने कहा कि हमारे नाई समाज के लोग जब अच्छे पदों पर चले जाते हैं, तो अपनी जाति को अपने समाज को छिपाने लगते हैं. जैसे हमारे छत्तीसगढ़ में जो श्रीवास हैं, वह जब बड़े पदों पर पहुंचे तो अपना सरनेम श्रीवास्तव लिखने लगे, क्योंकि उनको लगता है कि मैं अपनी वास्तविक जाति बताऊंगा, तो लोग मुझ पर हँसेंगे, मजाक उड़ाएंगे. उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने कभी अपनी जाति को नहीं छिपाया. मैं यहां सैलून दुकान में



आया हूं, मुझे गर्व है कि मैं नाई जाति में पैदा हुआ हूं, मैं सेन समाज से हूँ.उन्होंने कहा कि मैं तो बस इतना चाहता हूं कि समाज के जो लोग अच्छे पदों पर हैं वो खुलकर सामने आएं. इससे उन्हें देख कहीं न कहीं समाज आगे बढ़ेगा.उन्होंने रायपुर में सेन समाज के तीन लोगों ने, जिसमें पति, पत्नी और उनकी 14 वर्ष की बेटी शामिल हैं, के आत्महत्या करने की जिक्र करते हुए कहा कि नाई समाज का सैलून का काम होता है, सैलून में सीधे तरीके से अगर देखा जाए तो फिफ्टी परसेंट कमाई होता है, और चिंता का विषय अब इसलिए हो गया है कि हमारे लोग नाई का काम नहीं करना चाहते, सैलून का काम नहीं करना चाहते. क्यों नहीं करना चाहते हैं, उनको लगता है कि लोगों का चेहरा पोंछना पड़ता है, मालिश करनी होती है. रिकेश सेन ने कहा कि लोग नाई जाति को संबोधित कर उसे गाली देते हैं. मगर लोग यह भूल गए हैं कि सैलून एक सबसे बड़ा उद्योग है, और हमारे समाज को आजकल दूसरे समाज के लोग दूसरे राज्यों के लोग छत्तीसगढ़ में आकर और छत्तीसगढ़ से जाकर दूसरी जगह पर जाकर इस व्यवसाय को कर रहे हैं, जो कहीं न कहीं समाज के लिए चिंता का विषय है.



रायपुर। जोरा में किन्नरों का महासम्मेलन आयोजित किया गया। किन्नरों ने आज शोभायात्रा निकाली।

### तलाक के बाद भी मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से गुजारे-भत्ते की हकदार

**मुंबई ,7 जनवरी ।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के हक में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने तलाक के बाद गुजारा भत्ते से जुड़े एक मामले में फैसला सुनाते हुए कोई भी तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से बिना किसी शर्त के भरण पोषण पाने की हकदार है। भले ही उसने दूसरी शादी ही क्यों न कर ली हो। बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश पाटिल ने इस मामले में 2 जनवरी को सुनाए अपने फैसले में कहा, 'मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम-1986 का सार यह है कि एक तलाकशुदा महिला अपने भरण-पोषण के लिए पूर्व पति से गुजारा भत्ता लेने की हकदार है। इसमें यह मायने नहीं रखता कि उसने दूसरी शादी कर ली है। जस्टिस पाटिल ने इसके साथ ही शख्स द्वारा अपनी पूर्व पत्नी को एकमुश्त गुजारा भत्ता देने के पिछले दो आदेशों को दी गई चुनौती को खारिज कर दिया।

## पराजित दिग्गज नेताओं के चुनावी राजनीति पर प्रश्नचिन्ह

### पांच साल में स्थितियां काफी बदल जाएंगी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,7 जनवरी।** प्रदेश के कई दिग्गज राजनेताओं की राजनीति पर इस विधानसभा चुनाव के नतीजों ने सवालिया निशान लगा दिया है। खासतौर पर उनके अगले विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाने की आशंका मंडराने लगी है। उन्हें पार्टी टिकिट के लाले पड़ जाएंगे। दोनों ही प्रमुख दलों कांग्रेस व भाजपा में ऐसे चेहरों की संख्या बहुतायत में हैं। पर्याप्त राजनीतिक व प्रशासनिक अनुभव होने के बाद भी पार्टी इन्हें या तो घर बैठा देगी या फिर संभवतः संगठन में कोई टाइमपास पद दे दे। जिन नेताओं के हाशिए में चले जाने की चर्चा है उनमें कांग्रेस से सत्यनारायण शर्मा, रविन्द्र चौबे, रामपुकार सिंह, अरुण वोरा, बदरुद्दीन कुरैशी, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल, टीएस सिंहदेव, देवती कर्मा, भाजपा से प्रेमप्रकाश पांडेय, ननकीराम कंवर, जोगी कांग्रेस, श्रीमती रेणु जोगी के नाम शामिल हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा मंदिर हसौद से फिर परिसीमन के बाद रायपुर ग्रामीण विधानसभा से विधायक रहे हैं। वे अविभाजित मप्र में भी मंत्री रहे हैं। इस बार उन्होंने चुनावी राजनीति से खुद को अलग करते हुए चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। रायपुर ग्रामीण से सत्तू भैया के स्थान पर उनके पुत्र पंकज शर्मा को कांग्रेस ने चुनाव में उतारा था लेकिन दुर्भाग्य से वे हार गए। अगली बार पंकज को कांग्रेस टिकिट देती है या नहीं भविष्य के गर्भ में हैं। पांच साल में स्थितियां काफी बदल जाती है। कई नए दावेदार आ जाते हैं। सत्यनारायण शर्मा अब भले ही चुनाव न लड़े लेकिन संगठन में उनकी सेवाएं ली जाती रहेगी। इस चुनाव में सबसे बड़ा झटका रविन्द्र चौबे को लगा है। अविभाजित मप्र इसके बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार में वे लगातार मंत्री रहे हैं। दबंग नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके माता-पिता विधायक थे। बड़े भाई भी राजनीति का सशक्त हस्ताक्षर हैं। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में रविन्द्र चौबे साजा सीट से चुनाव हार गए। उन्हें भाजपा के ईश्वर साहू ने हरा दिया। ये वही ईश्वर साहू है जिसके पुत्र की बीरनपुर में हत्या कर दी गई थी। चौबे को अपनी हार से ज्यादा अफसोस इस बात को लेकर है कि उसे एक ऐसे रिक्शा चालक ने पराजित कर दिया जिसे राजनीति का ककहरा तक नहीं आता है। पूर्व में चौबे भाजपा के लाभचंद बाफना से हारे थे। अब कहा यह जा रहा है कि चौबे की राजनीति समाप्तप्राय है। इसी तरह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामपुकार सिंह, दुर्ग से अरुण वोरा, भिलाई से बदरुद्दीन कुरैशी, अमितेश शुक्ल, टीएस सिंहदेव, देवती कर्मा, अमरजीत भगत, प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रेमसाय सिंह, ननकीराम कंवर व श्रीमती रेणु जोगी के राजनीतिक भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगता नजर आ रहा है। कुरैशी को तो इस बार टिकिट नहीं दी गई थी। बाकी उपरोक्त सारे नेता इस बार चुनाव में खेत रहे। रामपुकार, ननकीराम, अमितेश, प्रेमप्रकाश तो उम्रदराज भी हो गए हैं। पांच वर्ष बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में इन्हें टिकिट मिलने की उम्मीद भी कम है। पांच वर्ष गुजरते-गुजरते ये नेता और ज्यादा हाशिए में चले जाएंगे। इनके स्थान पर टिकिट के दावेदार के रूप में नए चेहरे आ जाएंगे। केवल इतने ही नेता नहीं बल्कि कुछ और नेताओं को अगला चुनाव आते तक मैदान से बाहर कर दिया जाएगा। यह काम भाजपा ही नहीं बल्कि कांग्रेस भी करेगी। इस बार नए चेहरों ने शानदार नतीजे दिए हैं।

## ठंड में जिला अस्पताल के सामने 9 माह के लाल के शव को लेकर बिलखती रही महिला

### प्रबंधन का नहीं पसीजा दिल, तहसीलदार ने दिया सहारा

**नारायणपुर,7 जनवरी।** जिला अस्पताल से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. कड़ाके की ठंड में एक महिला 9 माह के बच्चे के शव को गोद में लिये घंटों बिलखती रही, लेकिन अस्पताल प्रबंधन का दिल नहीं पसीजा. जिसके बाद रोती बिलखती महिला को तहसीलदार ने सहारा देकर मानवता का परिचय दिया. दरअसल, जिला मुख्यालय से लागभग 45 किलोमीटर दूर ग्राम बाहकेर निवासी परिजन अपने 9 माह के बच्चे को बीमारी के चलते उप स्वास्थ्य केंद्र छोटेडोंगर लेकर गये हुए थे. बच्चे के पिता ने बताया उप स्वास्थ्य केंद्र छोटेडोंगर में डॉक्टर ने बच्चे को जिला अस्पताल नारायणपुर रेफर कर दिया. परिजन बच्चे को लेकर लगभग 4.30 जिला अस्पताल नारायणपुर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने स्थिति सामान्य बताते हुए



खतरे से बाहर बताया.जिसके बाद लगभग रात 8 बजे अचानक डॉक्टर ने जगदलपुर रेफर करने की बात कही. जिसके बाद बच्चे के पिता घबरा गए और निजी अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस की मांग की. पिता ने बताया एम्बुलेंस को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने सीधे इंकार कर दिया और कुछ दस्तावेजों में हस्ताक्षर करने के बाद अस्पताल से जाने को कहा. मजबूर माता -पिता अपने बच्चे की जान बचाने मोटरसाइकिल से जाने वाले ही थे तभी डॉक्टर की लापरवाही के चलते अस्पताल में दरवाजे पर ही बच्चे ने दम तोड़ दिया. बच्चे के शरीर मे हलचल थम जाने के बाद माता समझ गई अब उसका लाल नहीं रहा, जिसके के बाद महिला अस्पताल के सामने अपने 9 माह के लाल के शव को लेकर रोती बिलखती रही. लेकिन अस्पताल प्रबंधन को जरा भी तरस नहीं आया. घटना को देखकर आस-पास के लोगों ने मीडियाकर्मियों को घटना की सूचना दी. मीडियाकर्मियों के पहुंचने के बाद प्रभारी कलेक्टर को मामले कि जानकारी दी गई. प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार को मौके पर भेजा. वहीं तहसीलदार ने महिला को अस्पताल के अंदर चलने का निवेदन करते हुए मरीज के सामानों को स्वयं लेकर अस्पताल के अंदर लाए. इतना सब होने के बाद अस्पताल प्रबंधन नींद से जागा और स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी व डाक्टर अस्पताल पहुंचे. जिन्होंने एंबुलेंस की व्यवस्था कर बच्चे के शव के साथ परिजनों को उनके गृह ग्राम भेजवाया. पूरे मामले पर डॉ आदित्य केक्ति, सर्जन जिला अस्पताल ने कहा मरीज को मलेरिया था और परिजनों को बताया गया था स्तिथि नाजुक है रेफर करना पड़ेगा लेकिन परिजनों ने इंकार करते हुए दूसरे अस्पताल में ले जाने की बात कही. दूसरे अस्पताल में ले जाते वक्त मरीज की मृत्यु हो गई. एम्बुलेंस उपलब्ध करवा कर उनके गृह ग्राम रवाना कर दिया गया है.

घटना के बाद से राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. कांग्रेस नेता रवि देवांगन और विजय सलाम ने सरकार को घेरते हुए कहा कि शासन बदलते ही अस्पताल प्रबंधन के हौसले बुलंद हो गए हैं. जिला अस्पताल रेफर सेंटर में तब्दील हो गया कहते हुए पूरे मामले में जांच की बात कही. अब पूरे स्वास्थ्य अमले पर सवालिया निशान खड़ा होते नजर आ रहा है कि अबूझमाड़ के लोग आखिर कब तक स्वास्थ्य सुविधा के लिए भटकते नजर आएंगे ? क्या अब जिला अस्पताल नारायणपुर रेफर सेंटर के नाम से जाना जाएगा ?

## एक नजर

### धमकी से परेशान युवक ने खुदकुशी की

**भिलाई, 7 जनवरी।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र जोरातराई के रहने वाले एक युवक के आत्महत्या के मामले में जांच के बाद पुलिस ने उसके प्रेमिका व प्रेमिका की मां पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है जांच में पता चला है कि दोनों आरोपित युवक को ब्लैकमेल कर रुपये की मांग कर रहे थे और रुपये न देने पर उसे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे जिससे परेशान होकर युवक ने आत्महत्या कर ली थी मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था, जिसमें उसने आरोपितों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था उतई ने बताया कि जोरातराई निवासी राजू साहू नाम के एक युवक ने बीते 15 अक्टूबर को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उसने लिखा था कि वो अपनी प्रेमिका दीप्ति देवांगन और दीप्ति की मां कमलेश्वरी देवांगन की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है पुलिस ने सुसाइड नोट की हैंड राइटिंग एक्सपर्ट से जांच करवाई और उसके आधार पर विवेचना की मृतक के परिवार वालों से पूछताछ की गई तो पता चला कि मृतक राजू साहू का उसकी गांव के रहने वाली दीप्ति देवांगन से प्रेम संबंध था जिसके बारे में दीप्ति की मां कमलेश्वरी देवांगन और पिता अशोक कुमार देवांगन को भी जानकारी थी जांच में ये भी पता चला कि दीप्ति और उसकी मां कमलेश्वरी लगातार राजू साहू को ब्लैकमेल कर उससे रुपयों की मांग कर रहे थे। साथ, ही एक और जानकारी लगी कि आरोपित दीप्ति साहू ने पूर्व में भी गांव के एक युवक को दुष्कर्म के मामले में फंसाया था जिसके चलते वो युवक सात महीने तक जेल में था बाद में दीप्ति और उसके घर वालों ने उस युवक से रुपये लेकर समझौता कर लिया था जिसके बाद वो युवक कोर्ट से बरी हुआ था जांच में ये सभी तथ्य आने के बाद उतई पुलिस ने आरोपित प्रेमिका दीप्ति देवांगन और उसकी मां कमलेश्वरी देवांगन के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है

### 5 दिनों में 18 दोपहिया चोरी

**भिलाई, 7 जनवरी।** दुर्ग जिले में नए वर्ष के पांच दिनों में ही दुपहिया चोरी की 18 रिपोर्ट विभिन्न थानों में दर्ज कराई गई है। यहां वाहन चोर पकड़ाने के बाद भी चोरों को पुलिस का डर नहीं है मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले 23 थाना क्षेत्रों में नए वर्ष के 5 दिनों के आंकड़ों में भिलाईनगर थाना में 3, धमधा- 1,सिटी कोतवाली 1, नेवई1, सुपेला 2, पद्मनाभपुर थाना में 2 वाहन चोरी के मामले दर्ज किये गए है गौरतलब हो कि चोरों की नजर पार्किंग, पार्क स्टैण्ड सहित अन्य जगह पर है। पलक झपकते ही चोर वाहन के लॉक को तोड़कर वाहन सहित फरार हो जा रहे हैं फायर बिग्रेड कर्मचारी की बाइक गायब पुलिस ने बताया कि सेक्टर-3 क्वार्टर 14 निवासी दीपक वर्ष) भिलाई इस्पात संयंत्र में फायर बिग्रेड में कार्यरत हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 दिसंबर को बाइक से अक्षय पात्र मंदिर में आया था अक्षय पात्र के मैदान में अपनी बाइक को खड़ी कर अंदर गया था वापस बाहर लौटा तो देखा कि वाहन गायब है जोनल मार्केट के पार्किंग से वाहन चोरी पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर रिसाली निवासी गुलशन कुमेटी (20वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बाइक से सेक्टर-10 जोनल मार्केट कोचिंग में आया था। कोचिंग क्लास के सामने पार्किंग में अपने वाहन को खड़ी कर कोचिंग क्लास पढ़ने के लिए गया था। वापस लौटा तो देखा कि कोई अज्ञात वाहन चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर लिया।

### दो शराब कोचिया गिरफ्तार

**भिलाई, 7 जनवरी।** भिलाई नेवई व उतई पुलिस ने दो शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा दोनों आरोपित अवैध रूप से शराब बेच रहे थे पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा रेलवे स्टेशन के पास शंकर पारा निवासी आरोपित कमल देवार (58) अपने घर के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास अवैध रूप से शराब बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर नेवई पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा आरोपित के पास से 32 पौव्वा देसी प्लेन शराब जब्त की गई है जिसकी कीमत 2,560 रुपये आंकी गई है दूसरे मामले में उतई पुलिस ने सतनामी पारा गाड़ाडीह निवासी आरोपित बिसहत कोसरे (73) को सेलूद धान मंडी के पास से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया आरोपित के पास से 39 पौव्वा देसी मसाला शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 4,290 रुपये आंकी गई है ।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से बदलेगी बैगा गांवों की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 जनवरी।** कबीरधाम जिले में बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल गावों में प्रधानमंत्री जनमन योजना का क्रियान्वन शुरू हो गया है। इस योजना से विशेष पिछड़ी बैगा जनजातीय गावों की तकदीर और तस्वीर जल्द ही बदलेगी। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम पंचायत और उनके आश्रिम गांवों तथा पारा-टोले में बुनियादी सुविधाएं बिजली,पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना का प्रांरभ किया गया है। कबीरधाम जिले के इन दोनों विकासखण्ड के 256 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। जिसमें बोडला विकासखण्ड के 179 ग्राम और पंडरिया विकासखण्ड के 77 ग्राम शामिल है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना का क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा सतत रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। बैगा गावों और विशेष पिछड़ी बैगा जनजातीय समाज के अंतिम व्यक्ति को इस योजना से जोड़ने और इस योजना की गाइडलाईन के निर्देशों के अनुरूप उनके लाभ पहुंचाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अब तक बोडला और कवर्धा 15 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन कर लिया गया है। 5 जनवरी को बोडला विकासखण्ड के लूप, बेंदा,मुडवाही, चोरभट्ठी और मुडघुसरी और पडरिया विकासखण्ड के कूकदूर, मुनमुना, पूटपूटा और पोलमी में शिविर लगाई गई थी। इसी प्रकार 6 जुनवरी को बोडला के खरिया, बहनाखोदरा, बैजलपुर, बैरख, पंडरिया विकासखण्ड के बदना, वीचारपुर, बिरूलडीह, छिन्दीडीह और देवसरा में शिविर लगाई गई थी। इस शिविरों में बैगा ग्राम पंचायातों में प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए हितग्राहियों का चिन्हाकन सहित प्रारंभिक सभी प्रक्रिया की जा रही है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम में 11 अलग-अलग बुनियादी एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा गावो में पक्के घर का प्रावधान, संपर्क सड़के, नल से जल, समुदाय आधरित पेयजल, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहु-उद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण गिड तथ सोलर पावर माध्यम से , वनधन केन्द्रों की स्थपना, इंटरनेट तथा मोबाईल सर्विस की उपलब्धता, अजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास कार्यो को शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि पनीवीटीजी बसाहटों में उक्त मिशन का क्रियान्वयन तीन वर्ष की अवधि मे पूर्ण कर सभी बसाहटों में सभी 11 गतिविधियों में आवश्यकतानुसार करने का लक्ष्य निर्धारित है। कलेक्टर ने बताया कि पीएम जनमन योजना का क्रियान्यन के लिए जिला पंचायत, आदिमजाति विकास विभाग,शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, केडा, विद्युत विभाग, कौशल विकास और कृषि विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष निर्देश दिए गए है, तथा शिविर एवं योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके प्रगति को राज्य एवं भारत सरकार के संबंधित योजना के पोर्टल के माध्यम से अपलोड भी किया जा रहा है।कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिले के बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम पंचायातों में प्रत्येक दिन 10 शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन दोनां विकासखण्ड में पांच-पांच शिविर लगाई जा रही है। 7 जनवरी रविवार को इन बोडला और पंडरिया में बैगा बाहुल गांवो में पांच-पांच शिविर लगाई जाएगी। यह गांव बोडला विकासखण्ड के ढोलबज्जा, छूही, चिल्फी, छपरी, कटगों, और पंडरिया विकासखण्ड के महीडबरा, माठपूर, नेउर, सेन्दूरखार और कामठी शामिल है। इस शिविरों दस शिविरों में आसपास के लगभग 22 बैगा ग्राम शामिल होंगे। संबंधित विभाग के अधिकारियें को इन सभी गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए गए है।



# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर नारायणपुर-अंतागढ़ दुर्घटना में घायल जवानों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली

**कवर्धा, 7 जनवरी ( तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता )।** उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को निजी अस्पताल पहुंचकर वहाँ उपचार करा रहे नारायणपुर-अंतागढ़ दुर्घटना में घायल जवानों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विदित रहे, नारायणपुर-अंतागढ़ क्षेत्र में बस पलटने से ये जवान घायल हो गए हैं, जिन्हें बेहतरीन इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया है। उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री शर्मा ने प्रत्येक घायल जवानों से व्यक्तिशः चर्चा की और हादसे की जानकारी ली। श्री शर्मा ने घायल जवानों के इलाज में लगे डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ से चिकित्सा संबंधी जानकारी लेकर उन्हें घायल जवानों के इलाज में कोई कसर बाकी नहीं रखने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने घायल जवानों को ढाँढ़स बंधाते हुए आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की सहायता आदि मुहैया कराने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। श्री शर्मा ने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# केंद्रीय योजनाओं को देश के एक-एक व्यक्ति तक पंहुचाना है:हर्षा लोकमणी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 7 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। इसी तारतम्य में पाटन विधानसभा के नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा पहुंची।

रथ के पहुंचने पर जन प्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चन्द्राकर, भाजपा उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, श्रीमती रेवती सोनकर, कैलास यादव , फेरहराम धीवर, डॉ अलोक पाल, रामाधार साहू अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा केंद्र की मोदी सरकार आपके द्वार में आकर आपको योजनाओं की जानकारी मिल रहा है कि नही उसकी जानकारी ले रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले महिलाओं के मान सम्मान में शौचालय निर्माण करवाया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसान की समृद्धि, बालिका शिक्षा सहित कई जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रहा है।

केंद्रीय योजनाओं को देश के एक एक व्यक्ति तक पंहुचाने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामाधार साहू, पूरण साहू, धर्मेंद्र सोनकर, शिवा साहू, कुमार साहू, मृत्युंजय देवांगन, श्रीमती लक्ष्मी देवांगन, भारती यादव, सुनीता साहू, कमलेश साहू, विकास सोनी, देवा निषाद, सुखदेव, साहू, मुरली निषाद, कुंजबिहारी साहू, विक्रम साहू, नगर पालिका के सीएमओं यादव सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता का विधायक ललित चंद्राकर ने किया शुभारंभ



**उतई, 7 जनवरी।** आदर्श इस्पात ग्राम खपरीकला में वन्देमातरम क्रीड़ा मण्डल व ग्रामवासियों द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन महिला एवं पुरुष कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जय शीतला दुर्ग और सांई मण्डल भिलाई की महिला दलों के बीच खेला गया। विधायक ललित चंद्राकर ने शुभारंभ के अवसर पर सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया और बेहतर खेल के लिए शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। कबड्डी हमारे पारंपरिक खेलों में से एक है और इस खेल के लिए बेहद चुश्ती व फूर्ति की जरूरत होती है। हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ व दुर्ग जिले में कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी हैं। यही नहीं ग्रामीण स्तर पर इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। आयोजन समिति व ग्रामवासी इसके लिए बधाई पात्र हैं।शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री रामशीला साहू, जिला सहकारी मर्यादित बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, महामंत्री शिव निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख, संयोजक नारायण साहू, सरपंच राज कुमार साहू,उपसरपंच रमेश साहू, दयालु राम, चैतू राम साहू, डिलेश्वर साहू, विनोद साहू, टोमन, राजु साहू, पिंटू साहू, रामा साहू, महेन्द्र निषाद, भगवती पारकर, रामसिंग साहू, रेफरी संतोष मानिकपुरी, होलकर पारकर, झम्मन दिल्लीवार, गिरधर शर्मा, गणेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 7 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 08 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं ।

# सिंटर प्लांट-3 ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर बनाया उत्पादन नया रिकॉर्ड



**भिलाई, 7 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उत्पादन में नई ऊंचाई दर्ज की। सिंटर प्लांट-3 ने 5 जनवरी 2024 को अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन और तीनों शिफ्टों में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। सिंटर प्लांट-3 ने ए शिफ्ट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 6610 टन सिंटर उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज करते हुए पिछले सर्वश्रेष्ठ 6350 टन को पार किया। बी शिफ्ट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 6770 टन सिंटर उत्पादन दर्ज कर, पिछले सर्वश्रेष्ठ 6510 टन को पार किया। इसी प्रकार सी शिफ्ट में भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 6580 टन दर्ज करते हुए पिछले सर्वश्रेष्ठ 6470 टन को पार कर नया रिकॉर्ड बनाया। सिंटर प्लांट-3 ने 25 दिसम्बर 2023 को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 19,039 टन की तुलना में 20,053 टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। इसमें मशीन-2 से उत्पादित 10,430 टन का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन भी शामिल है, जो 2015 में दर्ज किए गए पिछले सर्वश्रेष्ठ 10,369 टन से अधिक है। 5 जनवरी 2024 को सिंटर प्लांट 2 और 3 ने मिलकर कुल 27,971 टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन दर्ज कर 25 दिसंबर 2023 को हासिल पिछले सर्वश्रेष्ठ 27,287 टन को पीछे छोड़ा। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सिंटर प्लांट बिरादरी को बधाई दी।

### श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सिंधु भवन में होगा दीप प्रज्वलन

**भिलाई, 7 जनवरी।** अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की कड़ी में सिंधी ब्रादर मंडल कमेटी सेक्टर-2 ने भी इस महपर्व के सुअवसर पर 511 दीप प्रज्वलित करने का संकल्प लिया है। सिंधी समाज सिंधी ब्रादर मंडल के अध्यक्ष मुखी जय कुमार अम्बवानी की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक रूप से तैयारियां हो रही हैं।

इस कार्यक्रम के प्रभारी राम कुमार ठाकुर ने बताया कि 22 जनवरी सोमवार को 6 बजे से 8.30 बजे तक झूलेलाल प्रांगण सिंधु भवन सेक्टर-4 में दीप प्रज्वलन, संध्या आरती, पूजा, रंगोली सजावट, श्री राम भजन प्रस्तुति सभी वर्गो के लिए आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न होगा।

# कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रथम आगमन पर किया गया आत्मीय स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन, संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रथम कवर्धा आगमन पर जिलेवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री अग्रवाल के आगमन पर ठाकुरदेव चौक, भगवान परशुराम चौक और सर्किट हाउस में नागरिकों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के विश्राम भवन पहुंचने पर कबीरधाम जिले के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने भेंट किया। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को पुलिस जवानों ने सलामी दी। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आज एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र सलूजा , पतंजलि किसान समिति राज्य प्रभारी गणेश तिवारी, , रामकुमार ठाकुर, योगेश्वर नाथ योगी, सनत साहू, सुनील दोशी, विजय पाली, जितेन्द्र दुबे, अजय सिंह ठाकुर, डोनेश सिंह, सौरभ शर्मा, राहुल ठाकुर, सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रूपजीवन हॉस्पिटल में महिला सेल प्रभारी ने महिला स्टाफ सुरक्षा कानून की जानकारी दी




**कवर्धा, 7 जनवरी।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर के मार्गदर्शन में महिला सेल पुलिस टीम द्वारा ÷हमर बेटी हमर मान÷ अभियान के तहत आज दिनांक- 05/01/2024 को रूप जीवन हॉस्पिटल कवर्धा में महिला सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक श्रीमती विजया कैवर्त एवं टीम द्वारा अस्पताल के महिला स्टाफ को सुरक्षा के सम्बंध आवश्यक जानकारी देते हुए कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा, पास्को एक्ट, दहेज प्रथा, छेड़ छाड़, साइबर क्राइम व यातायात के नियमो का पालन करने के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर, अभिव्यक्ति मोबाइल एप्लीकेशन के बारे विस्तार पूर्व की जानकारी देकर सभी को अपने मोबाइल में अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका उपयोग करने कहा गया।महिला सेल कबीरधाम को पूर्व वर्ष 2023 में कुल 274 आवेदन निराकरण हेतु प्राप्त हुआ था, जिसमें महिला सेल कवर्धा द्वारा 171 आवेदनों पर आपसी समझौता कराया गया। जिससे कई परिवार टूटने से बचे हैं, साथ ही साथ समय-समय पर उनसे फोन के माध्यम से खैरियत लिया जाता है। और 60 आवेदको को भरन पोषण हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भी भेजा गया है। 33 प्रार्थियाओं के आवेदनों पर उचित वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित थाना भेजा गया। महिला सेल कबीरधाम महिलाओं के सहायता एवं सुरक्षा वे लिए ततपरता से कार्य कर रही हैं।उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक श्रीमती कैवर्त, आर0हीरेन्द्र साहू, म.प्रधान आर.पल्लवी महोबिया, म.आर. उषा राय, व प्रेमलता दिवाकर का उल्लेखनीय योगदान रहा। रूपजीवन हॉस्पिटल से बिंदु साहू, बिंटू बघेल,आरती चंद्रवंशी, ढाल कुंवर,साहू,व अन्य स्टाप उपस्थित रहे।

# आदिवासी क्षेत्र के स्कूलों में बच्चे गिफ्ट मिल्क योजना से हो रहे लाभान्वित

**भिलाई, 7 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट, दुल्की और महामाया खदानों के आसपास के 51 बफर जोन गांवों के कुल 78 प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूलों में एनरोल्ड, कुल 3410 स्कूली बच्चे गिफ्ट मिल्क योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इन स्कूली बच्चों को प्रत्येक स्कूल कार्य दिवस पर, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, फोर्टिफाइड दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। गिफ्ट मिल्क योजना का लाभ उठाने वाले कुल विद्यार्थियों में लगभग 52त्न विद्यार्थी लड़कियां हैं। स्कूलों में एनरोल्ड विद्यार्थियों में, लगभग 83त्न विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एसटी) समुदाय से हैं। स्कूलों में एनरोल्ड 3410 विद्यार्थियों में से, 2764 विद्यार्थी एसटी समुदाय से और 71 विद्यार्थी एससी समुदाय से हैं। वर्तमान में स्कूलों में वितरित किये जाने वाले दूध की औसत दैनिक आपूर्ति, 3353 यूनिट प्रतिदिन है। अप्रैल 2023 को इस योजना के उद्घाटन के बाद से, गिफ्ट मिल्क की 3,23,000 से भी अधिक यूनिट की आपूर्ति की जा चुकी है। एमओयू के अनुसार, इस योजना हेतु सेल-बीएसपी, एनएफएन को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। छत्तीसगढ़ के कांकेर, नारायणपुर, मोहला-मानपुर अम्बागढ़ चौकी, बालोद जिलों के रावघाट माइंस के आदिवासी क्षेत्र के आसपास के बफर जोन के गांवों के अलावा, दुल्की के आसपास के गांवों में 15 स्कूल, महामाया के आसपास के गांवों में 12 स्कूल शामिल है, जहां दूध वितरित किया जा रहा है। सेल-बीएसपी द्वारा, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत गिफ्ट मिल्क योजना द्वारा, स्कूलों में कुपोषण की समस्या का समाधान किया जा रहा है। विद्यार्थियों, प्रधानाध्यापकों और आदिवासी समुदाय से प्राप्त प्रतिक्रिया के अनुसार क्षेत्रों में कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विद्यार्थी फ्लेवर्ड दूध का आनंद लेते हैं और प्रतिदिन



इसका बेसब्री से इंतजार करते हैं। कार्यक्रम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, प्रत्येक गाँव में जहाँ दूध वितरित किया जा रहा है, सूचनात्मक और शिक्षाप्रद बैनर वितरित किए गए हैं। नारायणपुर जिले के जिन स्कूलों में गिफ्ट मिल्क के तहत दूध वितरित किया जा रहा है, उनमें बिंजली में कन्या आश्रम शाला, बिंजली में कन्या माध्यमिक शाला, पालकी, चेचनपारा, खड़कागांव, केरलापाल, घोटुलपारा, तेलसी, गोबरपारा और खैराभाट, गुरिया, खोडगांव, हुच्चाकोट, टेमरूगांव, भरांडा, परलभाट में प्राथमिक शाला, खड़कागांव में मीडिल स्कूल, कनेरा में ज्ञान ज्योति स्कूल, खैराभाट, भरांडा, बिंजली और खोडगांव में उच्च प्राथमिक स्कूल शामिल हैं। अंतागढ़ जिले के जिन स्कूलों में गिफ्ट मिल्क के तहत दूध वितरित किया जा रहा है, उनमें भैयासालेभाट, सरगीपाल, फुलपाड़, भैसगांव, आतुरबेड़ा, घोटिया, पदरगांव, मंगतासालेभाट, मांझीपारा, कालेंद्र नगर, कुम्हारी, तालाबेड़ा, कोलार, देहरीपारा कोलार के प्राथमिक विद्यालय, भैयासालेभाट के माध्यमिक विद्यालय, मंगतासालेभाट, भैसगांव, तालाबेड़ा, देहरीपारा कोलार और कोलार एवं बालक छात्रावास, भैयासालेभाट शामिल हैं।

### राजेंद्र परगनिहा विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



**भिलाई, 7 जनवरी।** भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सेक्टर 2 निवासी राजेंद्र परगनिहा को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक यादव ने कलेक्टर. भिलाई निगम आयुक्त को पत्र जारी करते हुए बताया कि श्री परगनिहा जिला प्रशासन के बैठक में विधायक की अनुपस्थिति में शामिल होंगे। बता दें कि परगनिहा बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं।

वे बीएसपी कर्मचारियों और श्रमिकों के हित को लगातार प्रबंधन के समक्ष उठाते रहते हैं और निराकरण की दिशा उनके प्रयास सफल भी हुए हैं।

# राज्य में अब तक 82.44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर, 7 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का महाअभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 82.44 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 17,773 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल कॉमन धान की 2040 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से किए जाने के साथ ही उन्हें प्रति एकड़ 9000 रूपए की इनपुट सब्सिडी दी गई, जिसे मिलाकर अधिकतम 39,600 रूपए का भुगतान होता था। इस साल 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से होने से किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने पर 65,100 रूपए मिलेगा।

इस प्रकार देखा जाए तो इस साल धान



विक्रय पर किसानों को गत वर्ष की तुलना में 25,500 रूपए का अतिरिक्त लाभ होगा।

मार्कफेड के महाप्रबंधक श्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 16 लाख 67 हजार 790 किसानों से 82 लाख 44 हजार 476 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 17 हजार 773 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 68 लाख 55 हजार 366 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध में मिलर्स द्वारा 48 लाख 23 हजार 145 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस साल राज्य में 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है।

## एक नजर

### सन्नी कप कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगढ़ 7 जनवरी।** लाल बहादुर नगर - ग्राम लाल बहादुर नगर में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सन्नी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में 07 जनवरी 2024 दिन रविवार से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी खिलाड़ी बंधू सादर आमंत्रित हैं। प्रतियोगिता का प्रथम ईनाम 11111/- दलेश्वर साहू (विधायक डोंगरगांव) द्वारा प्रदत्त व द्वितीय आकर्षक पुरस्कार 5555 साईं डी.जे. लाल बहादुर नगर के आलवा प्रत्येक मैच में मैंन आफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेस्टमैंन,बेस्ट फील्डर के लिए भी विशेष आकृषक पुरस्कार आयोजन समिति के द्वारा रखा गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने क्षेत्र की क्रिकेट खेलप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि बड़ी संख्या में आकर खिलाड़ीयों का उत्साह वर्धन कर मैच का आनन्द प्राप्त करें।

### 1 स्थायी वारंटी सहित 4 वारंटी गिरफतार



**राजनांदगांव 7 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असमाजिक तत्वो के खिलाफ सतत अभियान कार्यवाही किया जा रहा है जिसके अंतर्गत धारा 138 एनआईटी एक्ट के फरार आरोपी राकेष सिन्हा पिता तोरण सिन्हा निवासी गौरीनगर वार्ड न0 13 पुलिस चौकी चिखली का 02 कित्ता वारण्ट, आबकारी एक्ट के फरार आरोपी गिरफतारी वारण्टी मनोज वर्मा पिता मोतीलाल वर्मा निवासी ग्राम महरूमकला जिला के0सी0जी0 का एक कित्ता वारण्ट, मारपीट के प्रकरण के फरार आरोपी मोहन जांगडे पिता गंगादास जांगडे निवासी ग्राम मोहबा ओपी चिखली राजनांदगांव को वारण्ट तामिल कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेष कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र0आर0 अरविंद साहू, आर0 बीरबल सिंह, कमल साहू, म0आर0 970 सुल्ताना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिले के समस्क थाना और चौकी क्षेत्र के बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई



**राजनांदगांव 7 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर थाना कोतवाली, बसंतपुर, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, ओपी चिचोला, ओपी सुरगी, ओपी तुमड़ीबोड़, ओपी मोहारा, ओपी चिखली प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकि से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

### नगरी विकास खंड के 4 गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**नगरी 7 जनवरी।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने के? लिए जिले के साथ ही नगरी विकासखंड में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा, इस कार्यक्रम से ग्राम वासी लाभ हानि हो रहे हैं और शासन की योजनाओं की जानकारी मिल रही है, उमरगांव में अभिजीत इस शिविर में जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हुमीत कुमार लिमजा ने लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी दिया, शिविर में अलग-अलग विभागों के सरकारी स्टॉल लगा कर आम लोगों से आवेदन लेकर समस्या का समाधान और सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते नजर आए, इन शिविरों में जहां शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया और मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाई भी वितरित की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया हितग्राहियों ने अपनी कहानी अपनी जुबानी बताई। इनमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से लाभान्वित उमरगांव की लता साहू, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित खुदुरपानी भैंसामुड़ा की देवकी बाई, उमरगांव के वदेदास मानिकपुरी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से लाभान्वित उमरगांव के सुकदेव कमार ने अपनी कहानी सुनाई।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छग की संस्कृति व कला का ज्ञान होता है:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जनवरी।** नववर्ष के आगमन पर ग्राम पंचायत धामनसरा में न्यू हैप्पी क्लब शिव मंदिर चौक द्वारा भव्य रिकाडिंग डांस महासंग्राम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के बच्चों ने स्पर्धा के माध्यम से अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। स्पर्धा में मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता में रंगे-बिरंगे परिधान में बच्चों ने छत्तीसगढ़ की माटी की सुमधुर गीतों व डांस से संगीतप्रेमी जनता को बांधे रखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आंसदी से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सर्वप्रथम ग्रामवासियों को नववर्ष व आयोजन समिति को बधाई देते हुए मंगलकामना की। श्री छाबड़ा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में उत्साह का संचार होता है और उनके अंदर छिपी कला निखर कर बाहर आती है। आयोजन समिति को पुनः बधाई देता हूं कि



आपके प्रयासों के कारण हमारी संस्कृति, धरोहर व बच्चों को प्रदेश की संस्कृति कला का ज्ञान होता है तो वहीं दूसरी ओर आयोजन से हमें एक-दूसरे से मेल-मिलाप बढ़ता है और गांव में एकता और भाईचारा कायम रहती है।

सामूहिक नृत्य पर मयुरी डांस ग्रुप भारंगढ़, द्वितीय स्वारागनी डांस ग्रुप रतनपुर, तृतीय जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप बस्तर, चतुर्थ मोर पिरित डांस परिवार कोरचाटोला व पंचम मन के मीत डांस ग्रुप कसडौल वहीं युगल में प्रथम धरोहर युगल डांस मार्री मोहला, द्वितीय यामिनी/शालू युगल डांस नीचेकोहड़ा, तृतीय राजू/छोटी डांस केशवटोला व चतुर्थ चुरकी मुरकी युगल डांस पिंथोरा, एकल में टीना सोनी रायपुर, द्वितीय नम्रमा गोरी दमकसा, तृतीय जानवी साहू बलौदा बाजार व तन्नू साहू खैरागढ़ के बच्चों की शानदार प्रस्तुति के लिए मुख्य अतिथि श्री छाबड़ा द्वारा उत्साहवर्धन कर सम्मानित किया। आयोजन में मुख्य रूप से रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य रौशनी वैष्णव, सरपंच लोकेश गंगवीर, पार्षद मनीष साहू, किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र वैष्णव, कृष्णा पटेल, वीसे पटेल, नारायण वैष्णव, भोजराम चंद्राकर, चुरामन पटेल, इंदुराम पटेल, चुम्मन निषाद, ढालोराम पटेल, मनीष यादव, कुंदन चंद्राकर, पुनुराम पटेल, कीरित पटेल, शैलेष पवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नक्सली का सहयोगी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 7 जनवरी।** थाना मदनवाड़ा के अपराध क्र 06/2023 विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की धारा 8(3), के तहत नक्सली सहयोगी रामलाल नुरेटी पिता बजनु राम नुरेटि उम्र 25 साल पता ग्राम महका थाना सीतागाव जिला मोहला मॉनपुर अं चौकी को दिनाँक 06.01.2024 को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है 15.09.2023 को माओवादी नक्सलियों द्वारा दिनाँक 21.09.23 से 27.09.23 तक 19 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बैनर पोस्टर कम्युनिस्ट पार्टी जिंदाबाद, मार्क्सवाद लेनिनवाद (माओवाद) आर.के.व्ही डिवीजन कमेटी माकपा माओवादी लिख कर थाना मदनवाड़ा अंतर्गत ग्राम रेतेगाव कारेकट्टा के बीच सड़क पर फेंका गया था, आरोपियों का यह कृत्य छ.ग. विशेष जन सुरक्षा अधिनियम की धारा- 8(3) के तहत अपराध पाए जाने से थाना मदनवाड़ा में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र 06/2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान आरोपी रामलाल नुरेटी पिता बजनु राम नुरेटी का व्यवहार एवं गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर आरोपी की हर हरकत पर पैनी निगाह रखी जा रही थी, तकनीकी जांच और संदेह पुख्ता होने के बाद आरोपी को दिनाँक 6.1.24 को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया ,जिस पर आरोपी द्वारा



पुलिस को चकमा देने का भरसक प्रयास किया किंतु पुलिस के सवालों के जाल में फंसने पर घटना दिनाँक को नक्सली बैनर पोस्टर फेंकने का अपराध स्वीकार किया, आरोपी रामलाल नुरेटी पिता बजनु राम नुरेटी उम्र 25 साल पता ग्राम महका थाना सीतागाव को दिनाँक 06.01.2024 को थाना मदनवाड़ा के अपराध क्र 06/2023 छ ग विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की धारा 8(3) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत हेतु न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अम्बागढ़ चौकी के समक्ष पेश किया गया।जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर राम लाल नूरेटी को न्यायिक हिरासत में राजनांदगांव जेल भेजा गया। उपरोक्त सराहनीय कार्य मे निरीक्षक ईश्वर ध्रुव थाना प्रभारी सीतागाव, सउनि रूपेंद्र साहू , नक्सल सेल, सायबर सेल व थाना मदनवाड़ा, मॉनपुर, सीतागाव स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# राष्ट्रीय एक्ता शिविर में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग हुये शामिल

**राजनांदगांव 7 जनवरी।** राष्ट्रीय एक्ता शिविर दिनांक 02.01.2024 से 08.01.2024 तक युवा भारत-सशक्त भारत विकसित भारत के तहत थाना सोमनी क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, सोमनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रिय निदेशालय भोपाल (म.प्र. छ.ग.) रा.से.वो. प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर संगठन व्यवस्था-हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का पंचम दिवस के द्वितीय सत्र में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री मोहित गर्ग (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, श्री शौर्य बाजपेयी विंग कमांडर भारतीय वायु सेवा एवं श्री अभिषेक सिंह सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ यूनिसेफ छत्तीसगढ़ मुख्य वक्ता थे। 14 राज्यों से आये हुये एनएसएस के 200 बच्चों एवं उपस्थित स्कूल स्टॉफ को श्री मोहित गर्ग द्वारा आज का युवा 2047 तक भारत को किस तरह बदल सकता है जैसे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर, नशापान से मुक्ति एवं यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर भारत को एक नई दिशा दे सकते हैं। श्री गर्ग ने सामुदायिक सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने में अपने छात्र स्वयंसेवकों को क्या भूमिका निभाते हुए देखते हैं तथा यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए टीप्स दिये एवं साथ ही बच्चों द्वारा पूछे गये सवालों का बहुत ही सरल एवं सटीक तरीके से जवाब दिये। इस दौरान स्कूल प्रबंधन के अधिकारी, शिक्षकगण, सोमनी थाना स्टाफ एवं एनएसएस के अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# कचरामुक्त शहर के लिए निगम को मिला 3 स्टार रैंक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जनवरी।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पूरे देश भर के शहरों की स्वच्छता का आकलन करने के लिये प्रति वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है। इस वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर को कचरा मुक्त शहर के लिए 3 स्टार रैकिंग प्राप्त हुआ। संस्कारधानी को शानदार तीसरी बार कचरा मुक्त शहर के लिए 3 स्टार रैकिंग का दर्जा मिला। साथ ही इस बार भी ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्राप्त कर, लगातार 6वी बार शहर को ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ।उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष भी स्वच्छता सर्वेक्षण कराया गया। जिसमें केन्द्र की टीम आकर शहर में सफाई व्यवस्था के तहत सडक, नाली, नाला, व्यवसायिक क्षेत्र, शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्र तथा चैक चैराहो सहित तालाबों की सफाई के साथ साथ शहर की जनता से भी फीडबैक लेते है, जिसके आधार पर स्वच्छता रैकिंग प्राप्त होता है। इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शहर को स्वच्छता की टीम से 3स्टार रैकिंग का पूरा पूरा नम्बर प्राप्त हुआ है। पिछले दो वर्ष में भी राजनांदगांव को 3स्टार रैकिंग के लिये पुरूस्कृत किया गया था। साथ ही हर बार की तरह इस बार भी शहर ओ.डी.एफ. प्लस प्लस हुआ। इस प्रकार लगातार 6वी बार स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को ओ.डी.एफ. प्लस प्लस का दर्जा मिला।

महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने ओडीएफ प्लस प्लस एवं स्वच्छता रैकिंग के लिये बधाई देते हुये कहा कि स्वच्छता में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिये हमारे सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों की मेहनत का फल हमे प्राप्त हुआ। उनके द्वारा शहर में निःस्वार्थ भाव से साफ सफाई करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, एस.एल.आर.एम. सेन्टरों में कचरा का पृथकीकरण कार्य जिस कुशलता से इनके द्वारा किया गया, इसी का परिणाम है कि हम स्वच्छता सर्वेक्षण में स्थान प्राप्त करते है। साथ ही निगम का तकनीकी अमला भी समय समय पर एवं स्वच्छता सर्वेक्षण के समय सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने कार्य करते है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के प्रशासनिक अमला के अलावा शहर की जनता का भी हमें स्वच्छता में पूरा सहयोग प्राप्त होता है। इसके अलावा भी स्वच्छता में और मेहनत करने की आवश्यकता है। तभी हमारा शहर साफ एवं स्वच्छ होने के साथ साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में और उच्च स्थान प्राप्त कर सकता है। ओ.डी.एफ. प्लस प्लस एवं स्टार रैंकिंग प्राप्त होने पर निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु के अलावा पार्षदों ने भी सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों के अलावा निगम के अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि, इसी प्रकार का सहयोग स्वच्छता एवं नगर विकास में अपेक्षित है।

## गांव को विकसित बनाने के लिए किया आव्हान

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं लोग : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जनवरी ।** भारत सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम डुंडेरा पहुंची। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं आम जनता के लिए बनती हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के मोबाईल वैन के माध्यम से केन्द्र शासन के योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को मिल रही है। उन्होंने कहा कि जिन्हें अब तक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वे आवेदन लेकर



शासन की योजनाओं का लाभ जरूर लें। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण ले सकते हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से खेती-किसानी के कार्यों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलेगा। फसल उत्पादन होने के बाद ऋण की किश्त भरते जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत 6 हजार रूपए की राशि प्रति वर्ष किसानों को दी जा रही है। शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको एक कदम आगे आना होगा। उन्होंने सभी किसानों को शिविर के माध्यम से खाता विभाजन कराने के लिए कहा तथा फौती होने पर फौती नामांतरण कराने कहा। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन से भी किसान फायदा ले सकते हैं। इससे मछली उत्पादन से आय तो होगी, साथ ही तालाब के पानी का उपयोग कृषि कार्य में कर सकते हैं। उन्होंने गांव को विकसित बनाने के लिए आव्हान किया। कलेक्टर ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन्न किया तथा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया।

जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चल रही है और हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी शासन की योजनाओं का लाभ लें और कोई भी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर बालिकाओं ने सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया और चलचित्र के

## समाचार संक्षेप

### कबड्डी खिलाड़ीयो की टीम को दमन दीव के लिए रवाना किया



**डोंगरगढ़ 7 जनवरी।** राष्ट्रीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता हेतु छतीसगढ़ बालिका की टीम आज दमन दीव के लिए रवाना हुई इस टीम में डोंगरगढ़ के 06 खिलाड़ी शामिल है, जिसमे सोनी कंवर. हिमानी कृति चंद्रवंसी ,पूर्णिमा ,मोनिका उइके ,पायल शामिल है कोच के रूप में तुलसी मंडावी (शिक्षक धूसेरा) साथ में जा रहे है । जिसके रवानगी के लिए रवि अग्रवाल जनपद सदस्य एवम् संरक्षक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ ब्लॉक हेमलाल वर्मा प्रधान ग्राम पंचायत मक्काटोला ने खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ भेट कर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी और कहा की आगे भी कबड्डी खेल को बढ़ावा देने हम सभी योगदान देते रहेंगे।

### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्ड नंबर-1 से गुरुदेव कॉलोनी तक निकाली गई अक्षत कलश यात्रा



**डोंगरगढ 7 जनवरी।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम लला के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा होना तय है इस कड़ी में डोंगरगढ़ बस्ती क्रमांक 1 में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में कलश पूजा के बाद घर घर जाकर पवित्र पीला चावल,आमंत्रण पत्र,व भगवान श्री राम जी के तैलचित्र ले कर वार्ड के सभी घरों में आमंत्रण दिया गया व सभी से निवेदन किया की 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दीप जलायें आँगन में रंगोली बनाये मिठाइयाँ बाटे राम मय दिवाली मनायें । आज के इस कलश पूजन व कलश यात्रा में प्रमुख रूप से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश यादव शहर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष अखिलेश सिंह गढ़वाल, मुकेश सिंह राजपूत, नारद राम सिन्हा, राजेन्द्र सिंह राजपूत, अक्कू गुप्ता, संतोष देवांगन, धनी लाल शिवेदी, हिरेंद्र साहू, जितेन्द्र कुमार जगताप, प्रशांत दुबे, सरस्वती गढ़वाल, परमेश्वरी साहू, अमिता गोमास्ता, सुमन सिन्हा, भैया राम कुंभकार, रवि दुबे, राजेश शर्मा, रमेश जगनायक, कमलेश पंडित, गोकुल जंघेल, कमलेश वर्मा, योगेश हरदहा, मनोज कुंभकार सहित भारी संख्या में वार्ड वासी शामिल हुए।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद जरूरीः किरण वैष्णव



**छुरिया 7 जनवरी।** कुमर्दा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंशीबंजारी मे दो दिवसीय संकूल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव का ग्राम वासियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन स्वागत किया गया। सर्व प्रथम मां सरस्वती छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। साथ ही सभी खेल प्रतिभागी द्वारा सलामी दी गई। व जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव द्वारा सभी को खेल भावना से निष्पक्ष खेल खेलने सभी को शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि पढ़ाई -लिखाई के साथ -साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का होना भी जरूरी है। शिक्षा हर बच्चे के लिए जरूरी है।खेल से अनुशासन की सीख मिलती है। खेल से अनुशासन का विकास होता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। श्रीमती वैष्णव ने सभी प्रतिभागियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उक्त कार्यक्रम को भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष बोधन साहू ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर हिरदे राम देवांगन मंहामंत्री कुमर्दा,चुरामन नायक संरपंच, मोरध्वज ठाकुर,हुमन लाल साहू, कन्हैया लाल,मिलन सिंह,डाकेश्वर, नांदेश्वर, नारायण लाल,बोधी राम कंवर, ग्वालिन साहू, पुष्पा लेझारे,सरोज कंवर सहित ग्राम के पंच , जनप्रतिनिधिगण,शिक्षक शिक्षिका सहित ग्राम वासी उपस्थित थे ?।

### निधन

### जवाहर लाल शर्मा



**रायपुर।** जवाहर लाल शर्मा 92 वर्षीय सुंदर नगर निवासी जवई वाले का 6 जनवरी 2024, दिन शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 जनवरी, दिन रविवार को सुबह 10 बजे वॉलफोर्ट हाइट्स ए/03 से महादेव घाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। जवाहर लाल शर्मा किरण शर्मा, आरती दीवान व भारती दुबे के पिता, अमित, अंकिता के दादा और कैलाशधर दीवान, अजय दुबे एवं भारती, किरण शर्मा के ससुर थे।

आदर्श से एक ताज़ा प्रस्थान में, प्रशंसकों ने गुंटूर करम के नवीनतम पोस्टर का अनावरण करने का बीड़ा उठाया है, जो उस परंपरा को तोड़ रहा है जहां प्रोडक्शन हाउस आमतौर पर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अपडेट साझा करते हैं। पोस्टर में महेश बाबू हैं, जो अपने सिग्नेचर स्टाइल में बिल्कुल अविश्वसनीय लग रहे हैं। यह नया सामने आया पोस्टर ब्लॉकबस्टर प्रत्याशा का एहसास कराता है, जिससे उत्साह बढ़ गया है।



# दिखेगा हाई-वोल्टेज ड्रामा!



एण्डटीवी के 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक कुछ हाई-वोल्टेज ड्रामा देखेंगे। एण्डटीवी के 'अटल' की कहानी के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने बताया, ''अटल (व्योम ठक्कर) टीचर से रिक्वेस्ट करता है कि हिन्दी मीडियम के स्टूडेंट्स को स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लेने दिया जाए। अटल की रिक्वेस्ट के बावजूद टीचर मना कर देता है। फिर इस बात के लिये अटल प्रिंसिपल को मना लेता है। अपने क्लासमेट्स को समारोह में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित करते हुए, अटल अकेला रह जाता है, क्योंकि वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिये कोई भी आगे नहीं आता है। अटल उस रात कृष्णा देवी (नेहा जोशी) से वादा करता है कि वार्षिक समारोह में वह प्रतियोगिता जीतेगा और इनाम पाएगा। अगले दिन अटल उस आयोजन के लिये एक कविता तैयार करता करता है। शुरूआत में परेशानी उठाने के बाद, आखिरकार वह अपनी पहली कविता बनाने में सफल होता है। मार्गदर्शन के लिये अटल अपने पिता को वह कविता सुनाता है और वह कुछ सुधार करते हैं। अपने परिवार की आर्थिक कठिनाइयों के बारे में जानकर, अटल कचोरियाँ बनाने में गजोधर की सहायता करते हुए अपने परिवार की मदद करने का संकल्प लेता है। इस बीच, अटल की कविता संयोग से कृष्ण बिहारी (आशुतोष कुलकर्णी) के हाथ लग जाती है। अटल के पिता उसे सजा देते हैं और जोर देकर कहते हैं कि वह पैसा कमाने के बजाए अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे। इसके बावजूद अटल अपनी कविता तैयार करता है। उसके समर्थक उसकी सफलता के लिये प्रार्थना करते हैं, जबकि विरोधी लोग उसके असफल होने की उम्मीद में हैं।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) एक कानूनी लड़ाई में खोदी (शरद व्यास) की ओर से लड़ता है। इस बीच कमिश्नर (किशोर भानुशाली) हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को यह बताता है कि उसकी जाँच चल रही है। अम्मा और राजेश (गीतांजलि मिश्रा) ज्वैलरी खरीदने के लिये निकलती हैं। हालांकि, बेनी एक बुरी खबर लेकर आता है कि वह केस हार गया है और खोदी फंस गया है। उसे भरपाई में दो करोड़ रूपये देने होंगे। यह सुनकर राजेश बेहोश हो जाती है। इस स्थिति से बाहर आने के लिये बेनी उन्हें गरीब होने का दिखावा करने की सलाह देता है। हप्पू समेत पूरा परिवार गरीब होने का दिखावा करने लगता है। अपना पैसा और गहनों को बचाने के लिये हप्पू और बेनी एक गड्ढा खोदते हैं। हालांकि नितिन जाधव द्वारा अभिनित मनोहर, जो कि रिकवरी एजेंट है, उनकी हरकतों को देख लेता है। और हप्पू का परिवार बढ़-चढ़कर गरीब होने का दिखावा करने लगता है। आखिरकार मनोहर जाँच के लिये कमिश्नर को लाता है, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिलता है और वे चैंक जाते हैं।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में विभूति नारायण मिश्रा ने बताया, ''सक्सेना (सानंद वर्मा) टीका (वैभव माथुर) और टीलू (सलीम ज़ैदी द्वारा अभिनीत) के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रहा है। विभूति (आसिफशेख) दर्शक के तौर पर शूटिंग देख रहा है। फिल्मिंग के दौरान एक शब्द ''रोटी चोर'' सुनकर विभूति को चक्कर आ जाते हैं और उसे पुरानी याद आती है, जब एक बच्चे को 'रोटी चोर' कहकर चिढ़ाया जा रहा था। यह शब्द उस पर गहरा असर डालता है और वह अजीब बर्ताव करने लगता है, जैसे कि अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) की प्लेट से रोटी झपट लेना। बाद में, तिवारी (रोहिताश्व गौड़) अनीता को अपने घर डिनर पर बुलाता है और उसके एनआरआई क्लाइंट्स भी आते हैं। इस दौरान भी विभूति का अजीब बर्ताव बना रहता है, वह हर किसी की रोटियाँ झपटता है और सब असहज हो जाते हैं। इस पर अनीता नाराज हो जाती है और बाद में विभूति माफी मांगता है। अम्माजी (सोमा राठौड़) तिवारी को एक उपाय बताती हैं कि वह गरीबों को रोटी खिलाए, ताकि हाल ही में हुए 10 लाख रूपये के नुकसान की भरपाई हो सके। जब तिवारी इस सलाह पर काम करने लगता है, तब विभूति एक बार फिर आड़े आता है। वह रोटियाँ छीनकर भागता है। इस बार, विभूति से परेशान होकर तिवारी कानूनी कार्यवाही करने का फैसला लेता है और उसके खिलाफएफआईआर दर्ज करवाता है।''

## पुलकित सम्राट ने रोमांटिक सुर छेड़े

बॉलीवुड हार्टथ्रोब पुलकित सम्राट, जो फुक्रे फ्रेंचाइजी और हाल ही में रिलीज़ हुई फुक्रे 3 में शो चुराने के लिए जाने जाते हैं, ने प्रशंसकों और उनकी प्रेमिका कृति खरबंदा को एक आश्चर्यजनक रहस्योद्घाटन से आश्चर्यचकित कर दिया है - उनकी नई तबला वादन क्षमता। घटनाओं के एक अप्रत्याशित मोड़ में, पुलकित ने अपनी संगीत संबंधी योग्यता दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और सिल्वर स्क्रीन से परे अपनी बहुमुखी प्रतिभा में एक और परत जोड़ दी। प्रशंसकों के साथ साझा किए गए वीडियो में अभिनेता को तबले की लयबद्ध थाप में डूबे हुए दिखाया गया है, जो न केवल एक नया जुनून प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि प्रवीणता का सराहनीय स्तर भी प्रदर्शित कर रहा है। नई चीजें सीखने के लिए। पुरानी चीजों को अपनाने के लिए। पुनश्चः ‌कृति.खरबंदा की अद्भुत अभिव्यक्ति की प्रतीक्षा करें! काश आप इसे देख पाते. अनमोल! मैं उसे आश्चर्यचकित करने और हर दिन उसे परेशान करने के लिए बहुत सी चीजें सीख सकता हूं! उन्होंने अपनी पोस्ट को कैप्शन दिया। पुलकित की प्रेमिका और अपने आप में एक प्रसिद्ध अभिनेत्री कृति खरबंदा वीडियो में अपने आश्चर्य और प्रशंसा को रोक नहीं सकीं। एक स्पष्ट क्षण में, उसे यह कहते हुए सुना जा सकता है, तुझे बजाना आता है? (आप जानते हैं कि कैसे खेलना है?) - प्रशंसकों की सामूहिक भावना को पूरी तरह से व्यक्त करता है जो इस अप्रत्याशित रहस्योद्घाटन से समान रूप से आश्चर्यचकित थे। चाहे स्क्रीन पर हो या तबले के पीछे, पुलकित ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा है, यह साबित करते हुए कि मनोरंजन की दुनिया में हमेशा जो दिखता है उससे कहीं अधिक होता है।



# सर्दी में अपने स्टाइल को बरकरार रख रहे हैं टीवी कलाकार!

सर्दियों का ठंडा मौसम आने के साथ ही फैशन में भी बदलाव आ जाता है और स्टाइल का संगम गर्माहट से कर दिया जाता है। एण्डटीवी के कलाकार स्क्रीन पर अपने आकर्षण को लेकर जाने जाते हैं। उन्होंने स्टाइल से समझौता किये बिना अपने वार्डरोब्स को नयापन देने का एक फैशनेबल सफर शुरू कर दिया है। मौसम के बदलाव को अपनाते हुए, यह कलाकार अपने सीक्रेट्स और अनोखे विंटर फैशन स्टाइल के बारे में बता रहे हैं। इस तरह से फैशन के शौकीन लोगों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलेगा, ताकि वे सर्दियों के लिये ट्रेंडी, लेकिन आरामदायक कपड़ों को चुन सकें। हमारे यह कलाकार हैं राहुल जेठवा (अवध बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। एण्डटीवी के 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे राहुल जेठवा ने कहा, ''मुझे सर्दियों का मौसम अपने स्टाइल के साथ प्रयोग करने के लिये सबसे प्रेरक लगता है। मैं लूज-फिटिंग वाला लाइट ब्लू डेनिम जैकेट या ग्रे हूड लेयर्ड और एक प्रिंटेड व्हाइट टी-शर्ट लेता हूँ। इसके साथ एंकल-लेंथ लाइट ब्लू जींस और आकर्षक काले, ऊँची हील वाले बूट पहनता हूँ। सर्दियों के लिये मेरा एक और पसंदीदा लुक है स्लिम-फिट पैंट्स और फॉर्मल शूज के साथ मैचिंग वाले टर्टलनेक टी-शर्ट्स पहनना। इससे मुझे हमेशा बेहतर एहसास होता है। मेरी माँ ने मुझे हाल ही में एक स्टाइलिश ग्रे कैशमेयर क्रूनेक स्वेटर दिया था। मुझे आश्चर्य हुआ कि उन्होंने वह मेरे लिये खरीदा नहीं था, बल्कि खास मेरे लिये अपने हाथों से बनाया था। यह कार्डिगन स्वेटर परफेक्ट तरीके से मेरे कंधों पर फिट हो जाता है और काफी वर्सेटाइल है। यह आसानी से किसी भी प्लेन टी-शर्ट, बटन-डाउन शर्ट, ब्लैजर या जीन्स के साथ मेल खाता है। एसेसरी के तौर पर मैं अक्सर इसके साथ चेकरेड प्रिंट स्कार्फपहनता हूँ, ताकि मेरे आउटफिट की रौनक बढ़ जाए।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''मैंने हाल ही में रात के तापमान में बड़ी गिरावट देखी है। और मैंने अपने वार्डरोब को आने वाले महीनों के लिये तैयार कर लिया है। मैं पूरे दिन हल्की-फुल्की कॉटन कुर्तियाँ पहनती हूँ। हालांकि सूरज ढलने पर मैं वुलन जैकेट पहन लेती हूँ, जिसे मैंने हाल ही में लखनऊ के मशहूर अमीनाबाद बाजार से खरीदा था। इसके अलावा, मैंने शरीर को गर्म रखने के लिये अपने रोजाना के कपड़ों के नीचे थर्मल वियर पहनना शुरू कर दिया है। अपने लुक में नयापन लाने के लिये मैं कई तरह के आकर्षक शॉल ओढ़ती हूँ। हर शॉल को बड़े ही प्यार से हर बारीकी पर ध्यान देकर बनाया गया है। यह शॉल्स भारत के अलग-अलग राज्यों के विविध रंगों और संस्कृतियों से प्रेरित हैं। मैं अपने किरदार के लुक में कभी-कभी इनका इस्तेमाल करती हूँ और यह राजेश के लुक से बखूबी मेल खाते हैं। साथ ही मुझे सर्दी भी नहीं लगती और मेरा स्टाइल बरकरार रहता है। मैं सभी को सर्दियों के एक खुशनुमा मौसम की शुभकामना देती हूँ!'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी बनीं विदिशा श्रीवास्तव ने बताया, ''मैं वाराणसी की रहने वाली हूँ, जहाँ सर्दियों में मौसम बहुत सुहावना हो जाता हो जाता है। इस मौसम में जलवायु कभी आरामदायक, तो कभी-कभी बेहद ठंडी हो जाती है। सर्दियों के दौरान मेरी माँ हमारे वार्डरोब्स को जैकेट्स, ओवरकोट्स, स्कल कैप्स, मिटन्स, मफलर्स, स्कार्व्स और थर्मल वियर से भर दिया करती थीं। कई बार तो उन्होंने बड़ी कुशलता से हमारे लिये आकर्षक मिटन्स, स्वेटर्स और मफलर्स बुने। इन चीजों को हम बड़ी खुशी और गर्व के साथ पहना करते थे। उनमें से कुछ तो अब भी मेरी अलमारी में हैं और मुझे इसका बेसब्री से इंतजार है कि मेरी बेटी आद्या उन्हें पहनेगी। ऐसे मौसम में गर्म रहने के लिये लेयरिंग वाली क्लॉथिंग जरूरी हो जाती है। मुझे मुंबई की सर्दियाँ पसंद हैं, क्योंकि यहाँ मौसम खुशनुमा रहता है, यहां ज्यादा ठंड नहीं पड़ती। यह देखकर मैं मोनोक्रोमैटिक एन्सेंबल्स चुनती हूँ। या सर्दियों के दौरान अपने रोजाना के कपड़ों के साथ साधारण-सा एक स्कार्फपहन लेती हूँ, ताकि शरीर को गर्म रखने के साथ ही स्टाइलिश भी दिखूं!''





## राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी कुंद्रा प्यार भरी नोकझोंक करते हुए दिखाई दिये

राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने एक बार फिर खुलकर बातचीत से अपने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है, जिसे अभिनेता ने अपनी सोशल मीडिया स्टोरी पर साझा किया है। यह आदान-प्रदान, जहां शिल्पा राज से उनके प्रति उनके प्यार के बारे में पूछती है, न केवल उनकी आकर्षक केमिस्ट्री दिखाती है, बल्कि उनके मजाकिया अंदाज को भी उजागर करती है। पोस्ट की गई स्टोरी में शिल्पा सवाल पूछती हैं, बेबी, तुम मुझसे कितना प्यार करते हो? और राज ने आश्चर्यजनक 72% के साथ जवाब दिया। अप्रत्याशित उत्तर अगले प्रश्न की ओर ले जाता है 100% क्यों नहीं? जिस पर वह अजीब तरह से जवाब देते हैं, लक्जरी वस्तुओं पर 28% जीएसटी टैक्स। इस जोड़े की अपने रिश्ते में हास्य लाने की क्षमता निस्संदेह उन कारणों में से एक है जिसके कारण उन्हें अक्सर उनके प्रशंसकों द्वारा एक आदर्श जोड़ी माना जाता है। राज और शिल्पा ने लगातार अपनी चंचल गतिशीलता की झलकियां साझा की हैं, जिससे इस धारणा को बल मिलता है कि किसी भी रिश्ते में हास्य की स्वस्थ खुराक महत्वपूर्ण है।



# अपने कर्तव्य के बीच संतुलन बनाते हुए भावनाओं के चौराहे पर ह..



'आंगन अपनों का' जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) और उनकी तीन बेटियों के बीच के अटूट बंधन की दिल छू लेने वाली कहानी को खूबसूरती से दर्शाता है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने पल्लवी (आयुषी खुराना) और आकाश (समर वरमानी) के बीच पनपते रोमांस को देखा। दिल छू लेने वाले एक पल में, आकाश ने पल्लवी के प्रति अपनी दिली भावनाओं को स्वीकार करते हुए, शादी का प्रस्ताव रखा और उसकी विचारधाराओं और ज़िम्मेदारियों को अपनाने की कसम खाई। हालांकि, इस प्रेम कहानी में तब उथल-पुथल मच जाती है, जब आकाश की मां इस बात के विरोध में खड़ी हो जाती है, और आकाश व उनके परिवार के लिए आदर्श विकल्प के रूप में पल्लवी पर संदेह पैदा करती है।

आगामी एपिसोड्स में, पल्लवी खुद को भ्रम और दिल टूटने की स्थिति में फंसा हुआ पाती है। आकाश के प्रति उसकी भावनाएं, अपने पिता के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता, और आकाश की मां द्वारा किए गए तर्कसंगत सवालों से अलग-अलग दिशाओं में खिंची हुई, पल्लवी एक चौराहे पर खड़ी है। अब, पल्लवी के जीवन में एक और संभावित जीवनसाथी के आने से, यह उभरता हुआ प्रश्न पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है - पल्लवी किसे चुनेगी, और उसकी और आकाश की कहानी का परिणाम क्या होगा?

पल्लवी शर्मा की भूमिका निभाने वाली आयुषी खुराना कहती हैं, ÷पल्लवी एक बेहद चुनौतीपूर्ण फैसले का सामना करती है, जो आकाश की मां की निरंतर अस्वीकृति और चालाकी, अपने पिता के प्रति कर्तव्य की भावना और प्रतिबद्धता, और आकाश के प्रति अपनी भावनाओं की सच्चाई के बीच फंसी हुई है। अगर पल्लवी के किरदार को देखें, तो वह अपनी भावनाओं से अधिक अपने परिवार को प्राथमिकता देगी। हालांकि, दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या पल्लवी इस पैटर्न को तोड़ने और पारिवारिक कर्तव्य और प्यार के बीच नाजुक संतुलन को सफलतापूर्वक स्थापित करते हुए एक साथी चुन पाएगी।÷

# पुष्पा को करना पड़ा भावनात्मक तूफान का सामना

सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में पुष्पा (करुणा पांडे) को एक मजबूत किरदार के रूप में दिखाया गया



है, जो आशावाद और सॉल्युशन-ओरिएंटेड अप्रौच के साथ जीवन की चुनौतियों से निपटती है। हाल के एपिसोड में बापोदरा (जयेश बारभाया) ने दिलीप (जयेश मोरे) को ताना बाना वर्कशॉप में रहने की अनुमति से इनकार कर दिया, जिससे उसके पास जाने के लिए कोई और जगह नहीं बची।

आगामी एपिसोड में पुष्पा को अश्विन (नवीन पंडिता), चिराग (दर्शन गुर्जर) और प्रार्थना (इंद्राक्षी कांजीलाल) की तनावपूर्ण शादी और उसके मुख्य सहयोगी जुगल (अंशुल त्रिवेदी) के घर लौटने के कारण अतिरिक्त उथल-पुथल का सामना करना पड़ता है। कहीं और जाने का रास्ता न होने पर पुष्पा अनिच्छा से दिलीप को घर ले आती है, जो एक ब्रेकिंग पॉइंट का प्रतीक है। गाली-गलौज करने वाले पूर्व पति के घर में आने से पुष्पा के घर का नाजुक संतुलन बिगड़ जाता है। दर्शक देखेंगे कि वह उस आदमी के साथ एक ही छत के नीचे कैसे रहती है, जिससे वह सबसे अधिक नफरत करती है।

पुष्पा की भूमिका निभा रही करुणा पांडे ने कहा, ÷फिलहाल पुष्पा अपने अतीत और वर्तमान के बीच फंसी हुई कई चुनौतीपूर्ण भावनाओं से गुजर रही है। आगामी एपिसोड में पुष्पा का एक अलग पक्ष सामने आएगा, जिसमें उसकी आंतरिक शक्ति दिखाई देगी कि वह कैसे जीवन की कठिन चुनौतियों का सामना करती है। एक अभिनेता के रूप में पुष्पा के किरदार में इतनी गहरी भावनाओं को चित्रित करना मेरे लिए काफी सुखद अनुभव है। पुष्पा की लचीलेपन की खोज की यह यात्रा गहन लेकिन रचनात्मक रूप से अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक रही है। ऐसे पहलू हम सभी के भीतर मौजूद अविश्वसनीय ताकत को उजागर करते हैं।

## चाँदनी वाइब्सःपश्मीना रोशन ने प्राचीन सफेद लहंगा स्टाइल से सभी का ध्यान आकर्षित किया



पश्मीना रोशन, अनुग्रह और शैली का प्रतीक, हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। ईथर पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा, चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया। जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।

# अच्छाई पर बुराई की जीत

सोनी सब का 'वंशज' युविका (अंजलि तत्रारी) की कहानी दिखाता है, जो व्यापक रूप से पुरुष-प्रधान महाजन साम्राज्य के बीच लीडरशिप की अपनी जगह स्थान ढूंढ रही, एक दृढ़ निश्चयी महिला उत्तराधिकारी है। हाल के एपिसोड्स में, कबीर (सरवर आहूजा) युविका को कंपनी से निकालने और उससे चेयरपर्सन का पद छीनने की साज़िश रचता है। कई चुनौतियों के बीच, युविका अपनी पोजिशन बचाने हेतु एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में भाग लेने के लिए समय से रेस लगाती है।

आगामी एपिसोड्स में, युविका रूही (शीना बजाज) को परेशान पाती है, क्योंकि वह अपने बच्चे को खोने की संभावना का सामना कर रही है। रूही को दुर्घटना से बचाने के बाद, युविका उसे नाज़ुक हालत में अस्पताल ले जाती है। इस वज़ह से युविका एक महत्वपूर्ण बोर्ड मीटिंग के लिए समय पर नहीं पहुंच पाती है। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, कबीर और डीजे (माहिर पांधी) ने पद हासिल करने की साज़िश रची, जिसमें



युविका की अनुपस्थिति में अधिकतम वोट हासिल करके डीजे नया चेयरमैन बन गया। बिज़नेस के बजाय जान बचाने को प्राथमिकता देने का युविका का उचित व्यवहार बहस का विषय बन गया है, जिससे दर्शक यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि इस उच्च जोखिम वाले गेम में उसका अगला कदम क्या होगा।

युविका का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, ÷इस शो में, युविका को अक्सर मुश्किल फैसलों का सामना करना पड़ता है, उनमें से एक बिज़नेस मीटिंग में भाग लेने के बजाय रूही की जान बचाने का विकल्प चुनना है। जैसा कि दर्शक जानते हैं, युविका के लिए परिवार और आदर्श सबसे अधिक मायने रखते हैं। और भले ही आने वाली चुनौतियां उसकी परीक्षा ले, उसे मीटिंग में न जाने का कोई अफसोस नहीं होगा, क्योंकि वह अपने चुनाव को पूरी तरह से उचित मानती है। एक और भावनात्मक रूप से भरी यात्रा शुरू करते हुए, आगामी एपिसोड्स में दिखाया जाएगा कि कैसे युविका अपने फैसले का सामना करती है और कबीर और डीजे के खिलाफअपनी लड़ाई को जारी रखती है।

# रहस्य का खुलासा

सोनी सब का 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' प्यार और समय यात्रा की दिलचस्प कहानी है। यह शो क्रमशः ध्रुव और तारा की भूमिकाओं में ईशान धवन और रिया शर्मा की शानदार परफॉर्मेंस से फैंस का पसंदीदा रहा है, और राजमाता दुर्गावती और सूर्य प्रताप सिंह की भूमिकाओं में इंदिरा कृष्णन और करण वी ग्रोवर के शामिल होने के बाद से इसे और भी प्यार मिल रहा है। हाल के एपिसोड्स में, ड्रामा और भी संजीदा हो गया है क्योंकि सूर्यप्रताप और ध्रुव, तारा के दो सबसे गुप्त रहस्यों का खुलासा करने के करीब पहुंच गए हैं। आगामी एपिसोड्स में, भावनाएं अपनी सीमाएं पार कर जाती हैं क्योंकि ध्रुव को तारा के बेटे शौर्य (इवान दीक्षित) का सच पता चलता है, और यह उजागर होता है कि वह शौर्य का बायोलॉजिकल पिता है। इसके साथ ही, सूर्य प्रताप तारा के अतीत से पर्दा उठाता है, और उसे पता चलता है कि ध्रुव उसका पहला पति था। इस रहस्योद्घाटन से प्यार और परिवार के लिए एक भयंकर लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे तारा के जीवन में उथल-पुथल मच जाती है। जबकि ध्रुव, तारा और सूर्यप्रताप इस व्यथित करने वाले दौर से गुज़र रहे हैं, दर्शक गंभीर टकराव और मनोरंजक ट्विस्ट की उम्मीद कर सकते हैं, जो उन्हें सामने आने वाली कहानी से बांधे रखेंगे। ध्रुव की भूमिका निभाने वाले ईशान धवन ने कहा, दर्शक जानते हैं कि ध्रुव तर्कसंगत रहता है और उथलपुथल के बीच भी शांत रहता है, लेकिन अब वे उसके उग्र और अधीनस्थ पहलू को देखेंगे। उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं बचा है, वह पहले ही तारा को खो चुका है और अब शौर्य के पिता होने का सच पता चलने के बाद, वह उस चीज़ को फिर से हासिल करने के लिए दृढ़ है जिसका वह असली अधिकार है। ध्रुव के अनुसार, सूर्यप्रताप ही उसके जीवन में हुई सभी गलत चीजों का स्रोत है, जिससे दोनों व्यक्तियों के बीच एक भयंकर युद्ध के लिए मंच तैयार हो रहा है। सूर्यप्रताप की भूमिका निभाने वाले करण वी ग्रोवर ने कहा, ÷यह पता चलने पर कि ध्रुव तारा का पति है और वह उससे अब भी प्यार करती है, सूर्यप्रताप को पूरी तरह से सदमा लगा है। उसे तारा पर जो असीम भरोसा था, न केवल वह टूट गया है बल्कि उसका दिल भी टूट गया है। इस बात का एहसास करते हुए कि वह तारा और शौर्य के रूप में अपने परिवार को खोने वाला है, वह ध्रुव को यह सब छीनने से रोकने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। आगामी कहानी ड्रामा और भावनाओं दोनों से भरपूर होने वाली है, और मैं इस आसन्न टकराव पर दर्शकों की प्रतिक्रियाएं जानने का उत्सुकता से इंतज़ार कर रहा हूं।



## वेदांत सलूजा निभाएंगे 'हप्पू की उलटन पलटन' में भगवान कृष्ण की भूमिका

वेदांत सलूजा ने कई टेलीविजन शोज, ओटीटी, विज्ञापनों और म्यूजिक एलबम्स में काम किया है और अब वह एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में दिखाई देंगे। वे भगवान कृष्ण के मॉडर्न वर्जन केशव की भूमिका निभायेंगे, जोकि दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को ईश्वर की सकारात्मक उपस्थिति का एहसास करायेगा। अपने किरदार केशव के बारे में बताते हुए, वेदांत सलूजा ने कहा, ''केशव का किरदार भगवान कृष्ण की तरह दयालुता दिखाता है। उसकी शख्सियत आकर्षक है और सोच लगातार सकारात्मक बनी रहती है। इसके उलट, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) प्रमोशन के बाद अपना रुख बदल लेता है। वह अक्खड़ हो जाता है और जिन्दगी में मिली सौगातों को नकारता है। वह खुद को भगवान से भी बड़ा समझने लगता है। वह ईश्वर के होने का विचार नकारने लगता है। वह घमंड दिखाता है और उसका परिवार परेशान हो जाता है। हप्पू में यह बदलाव देखकर उसका परिवार उसे पहले जैसा बनाने के लिये बड़े मन से प्रार्थना करता है और भगवान से मार्गदर्शन चाहता है। तभी केशव की एंट्री होती है, जोकि नौकरी की तलाश कर रहा एक नौजवान है। उसकी मासूमियत और मददगार स्वभाव राजेश का ध्यान खींचते हैं। केशव को घर के कामों के लिये रख लिया जाता है, लेकिन बड़ी जल्दी वह सभी का चहेता बन जाता है। जब भी जरूरत पड़ती है, वह मदद का हाथ बढ़ाता है। अपना घमंड बढ़ने पर हप्पू जब खोदी (शरद व्यास) और कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) का अपमान करता है, तब केशव दखल देने का फैसला करता है।



# मुदासिर भट्ट वॉचो एक्सक्लूसिव ओह माय वाइफ में बने फोरेंसिक एक्सपर्ट

अभिनेता मुदासिर भट्ट ने अपने अभिनय करियर में पहली बार वॉचो एक्सक्लूसिव वेब सीरीज 'ओह माय वाइफ!' के लिए एक फोरेंसिक एक्सपर्ट की भूमिका निभाई, जो हाल ही में वॉचो पर रिलीज हुई है। उन्होंने विवेक का किरदार निभाया, जो एक कुशल फोरेंसिक एक्सपर्ट है और वह एक महत्वपूर्ण हत्या के मामले के बीच व्यक्तिगत चुनौतियों में फंसा है। अपने किरदार की तैयारियों को लेकर बात करते हुए अभिनेता मुदासिर भट्ट ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां बताई और कहा कि कैसे इस वेब सीरीज में अपनी भूमिका की तैयारी के दौरान उन्हें अनुभवी अभिनेता कुमुद मिश्रा लगातार उनके दिमाग में चल रहे थे। अभिनेता मुदासिर भट्ट ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, ÷मैंने पहले कभी स्क्रीन पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की भूमिका नहीं निभाई है। हालांकि इसमें और क्रैकडाउन में निभाई गई मेरी भूमिका के साथ कुछ समानताएं थीं, परन्तु मैंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की कोई समानता मेरे इस किरदार मैं नजर ना आए. ओह माय वाइफ! में भूमिका की तैयारी के दौरान मेरे मन में कुमुद मिश्रा चल रहे थे। उन्होंने अपनी एक फिल्म में इसी तरह का किरदार निभाया था और मैंने उस किरदार को ध्यान में रखा और उनसे प्रेरणा ली। हालांकि उनके जितना बेहतर बनना असंभव है, मैंने इस किरदार की तरह तक पहुंचकर काम किया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ना शुरू किया, तो मैं कहानी का अंत जानने के लिए उत्सुक था और जब मैंने अंततः क्लाइमेक्स पढ़ा, तो मुझे पता था कि मैं इसका हिस्सा बनना चाहता था। क्योंकि इसका मेरे व्यक्तित्व पर सकारात्मक प्रभाव था और वहीं स्क्रिप्ट ने मुझे बहुत मोहित कर लिया था। ईमानदारी से कहूँ तो, निर्देशक शौर्य सिंह के साथ मेरा जुड़ाव ही था जिसने मुझे तुरंत हां कहने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ बातचीत इतनी सहज और स्वाभाविक थी कि मैंने अपनी फीस या किसी और चीज के बारे में सोचे बिना उनके साथ काम करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। ओह माय वाइफ ! शौर्य सिंह द्वारा लिखित और निर्देशित, एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है, जिसमें मुदासिर भट्ट, लोकेश बट्टा, स्नेहा सिंह सिसोदिया और दीपांशी एन. शाक्य ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। (वॉचो एक्सक्लूसिव) की यह सीरीज़ एक फॉरेंसिक एक्सपर्ट विवेक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक हाई-प्रोफाइल हत्या के मामले के बीच व्यक्तिगत उथल-पुथल से निपट रहे हैं।



एक नजर



## आदतन बदमाश निरंजन दीप गिरफ्तार लूटपाट के आरोप में भेजा गया जेल

**रायगढ़, 7 जनवरी।** 5 जनवरी के शाम कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के आदतन बदमाश निरंजन दीप पिता महेश दीप उम्र 23 साल निवासी बापूनगर थाना कोतवाली रायगढ़ को लूटपाट के अपराध में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली में आरोपी निरंजन दीप के विरुद्ध 4 जनवरी को विरेन्द्र भोपे निवासी इंदिरा नगर गांधी रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी रामभांठा मेन रोड राम मंदिर के पास किराना दुकान है, जहां 31 दिसंबर की रात निरंजन दीप दुकान आकर डरा धमकाकर 1500 लूट लिया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि निरंजन दीप चाकू पकड़ा रहता है और पहले भी दुकान में आकर डरा धमका कर रुपए ले गया था। वहीं थाना जूटमिल में भी 4 जनवरी को निरंजन दीप के विरुद्ध रामभांठा दुर्गा मंदिर चौक पर रहने वाले अरुण अजगले के द्वारा 3 जनवरी के शाम कयाघाट मुक्तिधाम के पास निरंजन दीप द्वारा चाकू दिखाकर 1000 लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। दोनों ही थानों में आरोपी निरंजन दीप के विरुद्ध लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी निरंजन पर मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा तत्काल स्टाफके साथ आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी निरंजन दीप के मेमोरंडम पर 1000 और घटना में प्रयुक्त एक चाकू जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश की पतासाजीए गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रेए उप निरीक्षक दिनेश बोहिदारए प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, आरक्षक गोविंद पटेल की अहम भूमिका रही है।

## 48 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 300 किलो महुआ लाहन जब्त



**रायगढ़, 7 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में आबकारी एवं पुलिस विभाग के कार्यपालिक अमलों द्वारा थाना खरसिया के ग्रामों में संयुक्त कार्यवाही की गई। संयुक्त तलाशी अभियान में ग्राम तेलीकोट से 24 बोतलों में कुल 48 लीटर अवैध महुआ शराब और 20 बोरियों में कुल 300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। ग्राम सोनबरसा में भी दो प्रकरणों में 7 लीटर अवैध आसवित मदिरा बरामद की गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक संतोष नारंग, हाबिल खलखो, पुलिस उप निरीक्षक मनीष कांत, आशिक रात्रे, मनोज कुमार पटेल और स्टाफशामिल रहे।

## भारतीय स्टटे बैंक ने कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बांटे कंबल



**रायगढ़, 7 जनवरी।** 6 दिसंबर को भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में रायगढ़ शहर वासियों के सभी जरूरतमंद लोगों को 300 कंबलों का वितरण किया गया। इसमें रायगढ़ शनि मन्दिर परिसर में करीब 150 जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया, वहीं रायगढ़ के चक्रधर नगर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व शहर के कई स्थानों पर घूमकर जरूरतमंदों की पहचान कर कम्बल बांटा गया। इस कार्य में भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य प्रबंधक गिरीश जोशी, आशीष शारदे, रोहित सिंह, कुंदन शर्मा, बीएल खैरवार, सुशील सा, नवीन कुमार एवं राकेश कुमार पाण्डेय ने अपना योगदान दिया।

## विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़, 7 जनवरी।** तीन दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज विकास खण्ड पुसौर के ग्राम तुरंगा में हुआ। सर्वप्रथम खेल की शुरुआत स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि गुरूकुल तुरंगा मठ के आचार्य श्री राकेश स्वामी के द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए हम हमेशा आप सभी के सेवा के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में इंसान के साथ तमाम कोशिशों के बाद भी हार जीत लगी रहती है। खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। इससे किसी और की जीत होने पर मन में बुरे भाव पैदा नहीं होते। श्री रत्थू गुप्ता ने मंच के माध्यम से कहा कि आगामी समय में खेल के लिए इस गांव के मैदान में मंच बनवाया जाएगा। इस दौरान विधायक खरसिया श्री उमेश ने कहा कि सभी बच्चे खेल भावना से खेल खेलें व आपसी सौहार्द्र बनाए रखें। इस खेल में विकास खण्ड के कुल दस जोन के बच्चे सहभागिता निभा रहे हैं ।

# राजिम आने पर सीएम साय करेंगे जिला बनाने की घोषणा, लोगों को है उम्मीद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 7 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजिम आगमन को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें हैं। अर्से से राजिम विकास से कोसों दूर छूट गया है इन्हें विकास के मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है। यहां की जनता ने इस बार भाजपा को वोट देकर विधायक बनाया है और सत्ता में भी भाजपा की सरकार बैठे हुए हैं। जिले की मांग विगत कई वर्षो से चल रही है परंतु अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है जबकि इस विधानसभा क्षेत्र से अविभाजित मध्य प्रदेश में तीन बार मुख्यमंत्री दिए हैं। एक बार जेल मंत्री तथा छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार में ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मिला था अर्थात पांच बार राजिम विधानसभा क्षेत्र ने मंत्री दिए हैं लेकिन प्रदेश सरकार ने राजिम को जिला की सौगात अभी तक नहीं दे पाया है। संत कवि पवन दीवान जनता की आवाज बनकर जिले की मांग उठाते रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में तीन प्रमुख सपना देखे थे जिसमें पहला छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण दूसरा राजिम को जिला बनाना तथा तीसरा सपना कौशल्या माता के जन्मस्थली चंद्रखुरी को विकसित करना था। इनमें से छत्तीसगढ़ निर्माण उनके जीते जी हो गया। ब्रह्मलीन होने के बाद कौशल्या माता के जन्म स्थल को विकसित किया गया। अब राजिम जिला अभी तक नहीं बना है।





दीवान जी के ब्रह्मलीन होने के बाद यहां के लोगों ने जोर-शोर से अपनी बात शासन प्रशासन तक रख रहे हैं पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजिम पहुंचे हुए थे तब उन्होंने जिले को खड़ा करने में समय लगता है कहकर हाथ खड़ा कर दिया। यहां से मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर विधायक बनाया है। इसी विश्वास के साथ की भाजपा सरकार राजिम को जिला जरूर बनाएंगे। इस संबंध में हमने क्षेत्र के लोगों से बात किया शहर के प्रीत साहु, भोला निषाद, टीकम साहू, मायाराम पटेल, बल्ला देवांगन, फलेश्वर निषाद, प्रमोद साहू, नारायण चंद्राकर, किशुन साहू ने कहा कि राजिम धर्म नगरी होने के साथ-साथ व्यापारिक दृष्टिकोण से भी बहुत मजबूत है। इन्हें तो कब का जिला बन जाना चाहिए था लेकिन शासन और सरकार की बेरुखी के चलते मूर्त रूप नहीं ले पाया है। हम मतदाता है हम ही सरकार बनाते हैं। कांग्रेस ने नहीं बनाया तो भाजपा को ला दिया है। हमें विष्णु सरकार से विश्वास है कि वह राजिम को जरूर जिला बनाएगी। कोपरा के धनसाय निर्मलकर, प्रेम निषाद निषाद, रामू साहू, उमेश जय राम ने बताया कि जिले में कोपरा सबसे बड़ा गांव है लेकिन इनका विकास जिस ढंग से होना चाहिए अभी तक नहीं हुआ है यहां ना कोई कॉलेज की स्थापना हुई है न ही और कुछ विकास दिखता है। हमारे बच्चे पढ़ने लिखने के लिए दूसरे प्रदेश व दूसरे शहरों में लाखों रुपया खर्च कर पढ़ाई करते हैं जबकि नजदीक में राजिम शहर है वहां एक भी व्यावसायिक कॉलेज नहीं है। बीएड, डीएड, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कॉलेज इत्यादि की पढ़ाई नहीं होती है जिसके कारण आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण यहां के होनहार पढ़ाई छोड़ देते हैं और सेठ साहूकारों की दुकान में लगकर नौकरी करते हैं। जबकि उन्हें बड़े-बड़े पोस्ट में होना चाहिए था। हालांकि इस विधानसभा ने तीन बार मुख्यमंत्री दिए हैं लेकिन उस मुख्यमंत्री ने कोई विकास नहीं किया। मगरलोड भेन्डरी,बुडेनी, नवागांव,खट्टी,करेली, चमसुर,चंदना,मुंहरेंगा के अनेक लोगों ने कहा कि हमारा जिला मुख्यालय धमतरी बहुत दूर है इसके लिए हमें 65 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। वहां चले भी जाओ तो कोई जान पहचान का नहीं रहता है जबकि हमारा गांव राजिम से बिल्कुल नजदीक है राजिम को जिला बनाकर इस क्षेत्र के कम से कम 30 गांव जो राजिम से जुड़ा हुआ है उन्हें धमतरी जिला से हटाकर राजिम जिला में जोड़ दिया जाए। छुरा ब्लॉक के 15 से 20 गांव का लेनदेन समेत हमेशा आना-जाना राजिम नवापारा शहर से लगा रहता है यहां के लोगों ने भी राजिम को जिला बनाने की वकालत की है। फिंगेश्वर, अभनपुर दोनों ब्लॉक के अलावा मगर लोड और छुरा के कुछ गांव को जोड़ दिया जाए तो तकरीबन 285 गांव आ सकते हैं और जनसंख्या की दृष्टि कौन से देखा जाए तो करीब 5 लाख जनसंख्या कवर करती है। यदि राजिम को जिला बनाया तो क्षेत्र का विकास होने के साथ-साथ यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगी और बेरोजगारी से मुक्ति मिलेगी।

# गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा,योजनाओं से जुड़ रहे लोग

**रायगढ़, 7 जनवरी।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रोजाना मोदी की गारंटी वाली डिजीटल रथ गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ रही है। इसी क्रम में आज जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-भोजपुर एवं खम्हार, घरघोड़ा के छोटे गुमड़ा एवं नवागढ़, खरसिया के बड़े कुनकुनी एवं टेमटेमा, लैलूंगा के कुंजारा एवं ढोरोंबीजा, पुसौर के नवापारा अ एवं बाघाडोला, रायगढ़ के कुशवाबहरी एवं पंडरीपानी पश्चिम तथा विकासखण्ड तमनार के धौराभांठा एवं तिवरा में रथ पहुंची। अब तक जिले में 200 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें



लगभग 2 लाख 30 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीण संवाद रथ के माध्यम से विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश दिखाते हुए आयोजित कराये जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाते हुए केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसमें मौके पर कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही औषधि भी वितरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी देने के साथ ही फसल लेने के पहले मृदा परीक्षण कराने की सलाह दी गई। साथ ही शिविर में ड्रोन तकनीकी से कृषक के खेत पर रसायन छिड़काव किए जाने का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। वहीं लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जा रहे है। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शारदा साहू को छग प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने दी बधाई

**अंवरी, 7 जनवरी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरूद शारदा लोकनाथ साहू जी को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर तहसील साहू समाज भखारा बधाई शुभकामनाए प्रेषित कर कहा की हमारे क्षेत्र से प्रदेश में प्रतिनिधित्व मिलने पर प्रदेश साहू संघ का धन्यवाद ज्ञापित करते आभार माना है बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से आईटीआई प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, कामता साहू तहसील अध्यक्ष भखारा, मिलु राम साहू, दमयंती साहू उपाध्यक्ष, भोला राम साहू सचिव, परीक्षेत्र अध्यक्ष गण होमेंद्र साहू सेमरा, जितेंद्र तेलासी भखारा, नीलमणि साहू कोर्रा, गिरधारी साहू तर्रागोंडी,प्रह्लाद साहू डोमा,रामचंद्र साहू त्रिकूटी धाम कोसमरा, विनोद साहू,सोमनाथ साहू,राजू साहू युवा प्रकोष्ठ, इंदु साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, दिनेश महंत, यशवंत साहू, हेमंत साहू , गैंद लाल साहू, पुखराज साहू सहित समाज जनों ने बधाई शुभकामनाए प्रेषित किया।

# कलेक्टर ने किया स्कूल, कॉलेज और ज्ञान गुड़ी का आकस्मिक निरीक्षण

**बीजापुर 7 जनवरी ।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने आज मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज और ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी का आकस्मिक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और मेहनत से पढ़ाई करने को कहा। संस्था में उपस्थित शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए।

बीजापुर में जनपद माध्यमिक शाला और जनपद प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। यहां मतदाता पुनरीक्षण का कार्य बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा किया जा रहा था जिसके संबध में नाम जुड़वाने एवं नाम कटवाने को लेकर पूरी प्रकिया के साथ जिम्मेदारी से काम करने को कहा। मतदाता पुनरीक्षण के लिए स्कूली बच्चों की रैली



एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से नगरपालिका को मतदाता जागरूकता एवं मतदाता पुनरीक्षण हेतु प्रचार प्रसार के निर्देश दिए गए। शहीद वेंकटराव महाविद्यालय का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से संकाय अनुरूप पढ़ाई की जानकारी प्राप्त की और उन्हें नियमित रूप से अध्यापन कर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। यहां पर छात्र छात्राओं को नियमित रूप से समाचार पत्र और अच्छी पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों से कैरियर बनाने के लिए कलेक्टर ने रूचि अनुसार गाइडेन्स प्राप्त करने उचित मार्गदर्शन दिया। ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में दिव्यांग बच्चों के स्कूल समर्थ का निरीक्षण कर बच्चों के आवासीय भोजन एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओ को देखा और बच्चों से मुलाक़ात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह कराया गया

**पत्थलगांव, 7 जनवरी।** समता मे आयोजित मित्तल परिवार की भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन ब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य सत्यनारायण शास्त्री ने उद्धव गोपी संवाद का वर्णन करते हुये कृष्ण रूकमणी विवाह संपन्न कराया,इस आयोजन को संपूर्ण कराने के लिए मित्तल परिवार द्वारा बेहद खास तैयारियां की गयी थी,कथा स्थल को विवाह के मंडप की तरह बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था,मित्तल परिवार के सदस्य कृष्ण रूकमणी विवाह के साक्षी बनने के साथ साथ बाराती बनने को भी बेहद आतुर थे। ब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य सत्यनारायण शास्त्री कहते है कि जब रूकमणी का विवाह अन्य देश के राजा के साथ सुनिश्चित कर दिया गया तो रूकमणी ने श्रीकृष्ण को अपना हाथ थामने के लिए प्रेमपत् लिखकर अपने यहा आमंत्रित किया





और जब भरे दरबार मे वो पहुंचे तो शिशुपाल ने उन्हे गालियां देनी शुरू कर दी थी,परंतु श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को सौ गालियां देते तक उसकी भूल क्षमा करते रहे,परंतु जब शिशुपाल ने सौ की संख्या पार करी तो श्रीकृष्ण ने वही अपने सुदर्शन से शिशुपाल की गर्दन धड से अलग कर दी। आचार्य बताते है कि इस तरह रूकमणी के मन को जानकर श्रीकृष्ण ने उनसे विवाह रचाया और जब कंश को समाप्त कर मथुरा का राजपाट संभालने चले गये तो गोकुल मे रहने वाली गोपियों उनके वियोग मे दुखी रहने लगी,ठीक उस समय उद्धव श्रीकृष्ण का संदेश लेकर गोपियों के पास पहुंचे,गोपियों ने तत्काल उद्धव को एकांत मे ले जाकर उनसे श्रीकृष्ण का हालचाल जानना चाहा। तब उद्धव कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण सर्वव्यापी हैं,वे तुम्हारे हृदय तथा समस्त जड़-चेतन में व्याप्त हैं,उनसे तुम्हारा वियोग कभी हो ही नहीं सकता,उनमें भगवद बुद्धि करके तुम्हें सर्वत्र व्यापक श्रीकृष्ण का साक्षात्कार करना चाहिये।।

**प्रियतम का संदेश सुनकर खुश हुयी गोपियां-:**आचार्य सत्यनारायण आगे की कथा का वृतांत बताते है कि गोपियां अपने प्रियतम का संदेश उद्धव के मुंह से सुनकर काफी खुश हुयी। उन्होंने प्रेम परिभूत होकर कृष्ण के मनोहर रूप और ललित लीलाओं का स्मरण करते हुए अपनी घोर वियोग-व्यथा प्रकट की तथा भावविभोर की स्थिति में कृष्ण से ब्रज के उद्धार की दीन प्रार्थना की,श्रीकृष्ण का सन्देश सुनकर उनका विरह ताप शान्त हो गया। उन्होंने श्रीकृष्ण भगवान को इन्द्रियों का साक्षी परमात्मा जानकर उद्धव का भली-भाँति पूजन और आदर-सत्कार किया।

## अनैतिक मानव व्यापार ट्रैफिकिंग पर किया जा रहा है लोगों को जागरूक



**बीजापुर 7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विकासखण्ड भोपालपटनम के आंगनबाडी कार्यकर्ता, ग्रामीणों एवं जनपद कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियों को अनैतिक व्यापार, महिला तथा बच्चों के ट्रैफिकिंग की रोकथाम, कार्य स्थल पर महिलाओं के लैगिंक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज प्रतिशेध अधिनियम 1961 एवं सखी वन स्टाप सेंटर और बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी जिसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय बोर्ड व बालक कल्याण समिति की भूमिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का उददेश्य, किशोर-किशोरी सशक्तिकरण अंतर्गत बाल विवाह की हानियॉ बाल विवाह के रोकथाम के उपाय, किशोरियों के पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित मुददे एवं समाधान, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक बालिकाओं को स्कूल से जोडे जाने पर एवं बच्चा गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम 2017, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दिया गया। साथ ही बालिकाओं से अनुरोध किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर होने वाली ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित होवे और इन सभी मुददों पर चर्चा करें। तभी हम ग्राम पंचायत को बाल सुलभ पंचायत बना सकते हैं, और ग्राम पंचायत का वातावरण ऐसा हो जो कि हिंसामुक्त वातावरण हो। आप सभी की जिम्मेंदारी है कि हमारे आस-पास में ऐसे कोई भी बालिका न हो जो की स्कूल से वंचित हो, बालिका शिक्षा से वंचित होने की दशा में अपने अधिकारों से भी वंचित हो जायेंगे, इस कारण से शोषण का स्तर बढ जायेगा, अज्ञानता के कारण किशोरियों के द्वारा अपनी बात भी नहीं रख पायेंगे, कि महिलाओं, किशोरियों के साथ होने वाले अत्याचार को कहॉ पर बताये और दर्ज कराये इस कारण से महिला उत्पीडन संबंधी समस्त अधिकारो की जानकारी होनी चाहिए, साथ ही महिला हेल्प लाईन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दिया गया है। नवा विहान से श्रीमती शीला भारद्वाज (जिला महिला संरक्षण अधिकारी) एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से श्री नवीन मिश्रा संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टॉफ सेंटर से मीना वर्मा एवं श्रीमती संतोषी यादव केश वर्कर, टुमारोज फाउंडेशन बीजापुर (बालगृह बालक) से श्री मिथलेश राय (अधीक्षक) द्वारा जानकारी दिया गया।

## क्रास फायरिंग में बच्ची के मौत की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस ने किया समिति का गठन

**बीजापुर 7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** बीजापुर जिले के गंगालूर थानांतर्गत ग्राम मुतवंडी में कास फायरिंग में 6 माह की बच्ची के मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जाँच समिति में 1. विक्रम मंडावी विधायक-बीजापुर संयोजक 2. श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ज़िला पंचायत सदस्य 3. शंकर कुडियाम अध्यक्ष-जिला पंचायत बीजापुर 4. बसंत ताती सदस्य-जिला पंचायत 5. मिच्चा मुतैया उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत भोपालपटनम आदि शामिल है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति को अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट/चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंने का आग्रह किया है। जाँच समिति के संयोजक और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि वस्तुस्थिति को जानने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा घटित जाँच समिति आगामी सोमवार 08 जनवरी 2024 की सुबह 8 बजे बीजापुर से गंगालूर होते हुए ग्राम मुतवेंडी जाएगी।

## बस में आगजनी की घटना में शामिल 1 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर 7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 05/01/2024 को थाना बासागुड़ा एवं कोबरा 210 के संयुक्त बल द्वारा सारकेगुड़ा तालाब के पास स्क्क्कार्यवाही दौरान 01 मिलिशिया सदस्य लेकाम सोमलू पिता लेकाम बोटी ग्राम पेददागेलूर थाना तर्रेम को पकड़ने में सफलता अर्जित की गई । पकड़ा गया माओवादी दिनांक 21/12/2023 को थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत तिमापुर के पास कुशवाहा ट्रेव्हल्स की यात्री बस में आगजनी की घटना में शामिल था । दिनांक 05/01/2024 को थाना तर्रेम, कोबरा 210 एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा मिलिशिया सदस्य पदम हुंगा पिता पदम भीमा जाति मुरिया उम्र 36 वर्ष निवासी मण्डीमरका थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा को सिलगेर से पकड़ा गया । पकड़ा गया माओवादी मिलिशिया सदस्य दिनांक 01/01/2023 को तर्रेम कुरसमपारा के ग्रामीण के अपहरण एवं हत्या करने की घटना में शामिल था । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना बासागुड़ा एवं थाना तर्रेम में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## पुलिस व जवानों ने दो दिन में 4 बम बरामद किए

**बीजापुर 7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** केरिपु एवं थाना पामेड़ की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 05/01/2024 को सायं 05.00 बजे धरमाराम एवं चिन्तावागु नदी के मध्य पगडण्डी मार्ग से क्रमश 05 किग्रा एवं 08 किग्रा के 02 द्धश्बष्ठ बरामद किये गये ।आज दिनांक 06/01/2024 को अपरान्ह् 02.00 बजे एरिया डॉमिनेशन के दौरान 03-03 किग्रा के 02 द्धश्बष्ठ बरामद किये गयेकेरिपु 151 की बीडीएस टीम के द्वारा मौके पर किया गया निष्क्रियक्षेत्र में विकास कार्यो में गति लाने एवं चिन्तावागु नदी पर पुल निर्माण कार्य में सुरक्षा की दृष्टि से नदी के दोनो ओर सुरक्षा कैम्प स्थापित कर सुरक्षा प्रदान की जा रही है ।सुरक्षा बलो द्वारा लगातार आसपास के क्षेत्र में की जा रही सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान धरमाराम एवं चिन्तावागु नदी के मध्य 02 दिन में 04 द्धश्बष्ठ बरामद किये गये । पूर्व में भी माओवादियों के द्वारा लगाये गये द्धश्बष्ठ की चपेट मे आकर 01 ग्रामीण बुरी तरह घायल हुआ था जिसे उपचार हेतु सुरक्षा बलो की मदद से भद्राचलम, तेलंगाना अस्पताल पहुचाया गया था ।



## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने बीजापुर के खिलाड़ी रवाना

**बीजापुर 7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** राजस्थान के बीकानेर में आयोजित होने वाली अंडर 17 बालक बालिका सॉफ्टबॉल स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन होना है जिसमें राज्य की अंडर 17 टीम में बीजापुर जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें राकेश कड़ती सुशील कुडियम बादल कोरसा वहीं बालिका वर्ग में विमल तेलम त्र्षिका गोंदे अनामिका चेरपा शामिल होंगे वही राकेश सुशील और विमला तीनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं खिलाड़ी आज शाम बीजापुर से रायपुर के लिए रवाना होंगे जहां 7 तारीख को रायपुर से बीकानेर के लिए ट्रेन से रवाना होंगे खिलाड़ियों का दल नव नियुक्त बीजापुर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डे से मुलाकात किया गया कलेक्टर श्री पांडेय के द्वारा खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पदक लाने की उम्मीद जताई है साथ में जिला पंचायत सीईओ श्री रवि साहू एवं श्रम निरीक्षक और सॉफ्टबॉल के इंटरनेशनल कोच श्री सोपान कर्णेवार सहायक कोच कृष्णा डोडी मौजूद थे



## एक नजर

### मछुआ सहकारी समिति का चुनाव 25 जनवरी को

**बलौदाबाजार, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मछुआ सहकारी समिति मर्या0 कुकुर्दी, पं0 क्र0 38 के द्वारा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देश पर बोर्ड के सदस्यों का अनारक्षित वर्ग से 6, अन्य पिछड़ा वर्ग से 1 एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से 4 जिसमें से महिला वर्ग के लिये आरक्षण, सामान्य वर्ग से 1 पद एवं अ.ज.जा. वर्ग से 1 पद के लिए निर्वाचन हेतु 12 जनवरी को नियोजन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, 13 जनवरी को नियोजन पत्रों की जॉच की जायेगी, 14 जनवरी को उम्मीद्वारी वापस लेने तथा उम्मीद्वारों की अंतिम सूची का प्रकाशन आवश्यकता होने पर चुनाव चिन्ह आबंटन की जायेगी एवं 19 जनवरी को आमसभा आयोजित की गई है। जिसमें मतदान की आवश्यकता होने पर मतदान एवं मतगणना कराई जायेगी। 25 जनवरी 2024 को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न होगा।

### मिनी आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में मिनी आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद के लिए बाघमाड़ा शामिल है। सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 तक कार्यालयीन समय में सायं 5 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान के पते पर अपना आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हेतु जिले की सरकारी वेबसाईट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अवलोकन कर सकते है।

### अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरने से मामा की मौत, भांजा घायल

**कोरबा, 7 जनवरी।** सड़क में अचानक आए मवेशी को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर कार गड्ढे में जा गिरी। घटना में मामा की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल भांजा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर पंडरीडांड निवासी रोहित राम कंवर व उसका मामा बंकेश्वर पैंकरा बिलासपुर से कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 0449 में सवार होकर बिलासपुर से उदयपुर के लिए रवाना हुए थे। रात 12रू45 बजे बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि सड़क में अचानक मवेशी आने से कार चला रहा बंकेश्वर से वाहन अनियंत्रित हो गया और मवेशी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे नीचे गड्ढे में जा गिरी। इस सड़क दुर्घटना में बंकेश्वर की मौत हो गई। जबकि रोहित राम कंवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मोरगा चैकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य करते हुए घायल रोहित को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। मामले में पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

### स्कूल पढ़ने गए बाल गृह के दो बालक लापता,मामला दर्ज

**कोरबा, 7 जनवरी।** स्कूल में पढने गए बालगृह के दो बच्चे भाग निकले। तलाश करने के बाद भी नहीं मिलने पर मामले की रिपोर्ट दर्री थाना में दर्ज कराई गई है। बालक बालगृह दर्री में संचालित संस्था स्त्रोत ने थाना में सूचना दी है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दर्री में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत 17 व 15 वर्ष के दो बालक दो जनवरी को पढ़ने गये थे। दोपहर दो बजे स्कूल से सूचना मिली कि दोनों स्कूल परिसर में नहीं हैं। इस पर बाल गृह के कर्मचारी व स्कूल के शिक्षकों ने खोजबीन की। साथ ही उनके स्वजनों को सूचना दी गई। काफी तलाश के बाद कुछ पता नहीं चलने पर चार जनवरी को संस्था ने थाना में सूचना दी। बालक बाल गृह के अधीक्षक संतोष पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका पर धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

## पतंजलि परिवार ने दीप यज्ञ के साथ मनाया स्थापना दिवस

# योग,आयुर्वेद,स्वदेशी,वैदिक संस्कृति की निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के तीन दशक पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**छुरा, 7 जनवरी।** पतंजलि परिवार द्वारा भारत स्वाभिमान न्यास एवं दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट का तीसवां स्थापना दिवस दीप यज्ञ के साथ मनाया गया। योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, वैदिक संस्कृति, निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के तीन दशक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला संरक्षक यशवंत यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थापना दिवस आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत में योग शिक्षक पोखन ठाकुर द्वारा देशभक्ति गीतों पर यौगिक जॉगिंग एवं छत्तीसगढ़ी पारम्परिक गीतों के साथ जुंबा कराया गया। भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर एवं जिला महामंत्री शंकर लाल यदु द्वारा योग की बारीकियां सिखाई गई।जिला संगठन मंत्री देवनारायण यदु, तहसील प्रभारी हरीश नेताम एवं मनहरण पटेल द्वारा प्राणायाम कराते हुए उनके लाभ, सावधानी को सूक्ष्मता के साथ अभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ दीप यज्ञ कराया गया। जिला संरक्षक यशवंत यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एक छोटे से गांव के साधारण परिवार में जन्मे स्वामी रामदेव के अदम्य साहस, पुरुषार्थ, दूरगामी सोच, दिव्य दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि अंतराष्ट्रीय पटल पर भारत को योग के क्षेत्र में पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया।अपनी लगन दृढ़ संकल्प, प्रबल इच्छाशक्ति के बल पर योगऋषि बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्णन एवं स्वदेशी के प्रवर्तक स्वर्गीय राजीव दीक्षित द्वारा भारत स्वाभिमान न्यास एवं दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट की नींव रखी गई। दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के नाम से प्रारंभ हुई यात्रा आज लाखों कार्यकर्ताओं एवं करोड़ों समर्थकों के श्रद्धा, समर्पण, सहयोग से विश्वव्यापी आकार ले चुकी है। पतंजलि संगठन द्वारा प्रतिदिन लाखों की संख्या में नियमित योग कक्षा द्वारा करोड़ों भारतवासियों में स्वास्थ्य, राष्ट्रवाद एवं संस्कारों की अलख जगा रहा है। पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा ने कहा कि शून्य से शिखर की यात्रा पतंजलि है।स्वामी ने दीन दुखियों की सेवा हेतु ऋषियों की परंपरा योग को माध्यम बनाया। उन्होंने पतंजलि योगपीठ की स्थापना कर योग, आयुर्वेद, स्वदेशी को जन जन तक पहुंचाया।संचालन करते हुए योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि जिस पुनीत उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत स्वाभिमान न्यास की स्थापना की गई थी वह लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के रूप में फलीभूत हो रहा है। पतंजलि परिवार का ही अनुपम देन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्व को मिल रहा है जिसे संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी 193 देश, योग के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से एक साथ मनाते हैं। पतंजलि परिवार योग के साथ देशसेवा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। आपदा काल में भी पतंजलि परिवार निष्काम भाव से सेवा कार्यों के लिए जुट जाता है। समारोह को आश्रम अधीक्षिका प्रेमवती ध्रुव एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन आश्रम से डिगेश्वरी गोस्वामी द्वारा किया गया।शिविरार्थी तनुजा, भावना, दामिनी, भानुमति, ईशा, जयमनी, रुचिका द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में द्रौपदी, रेवती, विमला दीवान, कुमारी बाई, जयमनी, रिधीमा, खिरमती, त्रिवेणी, सीमा, गुंजन, योगिता, मुंगेश्वरी, लकेश्वरी, संगीता, दिव्या, सोनिया, उर्वशी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे। शिवरार्थियों को गुड़ चना वितरित की गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बलौदाबाजार नगर

# हितग्राहियों को सामग्री वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 7 जनवरी।** भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के द्वारा नगर भवन में आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्तावर जायसवाल, विशेष अतिथि विजय केशरवानी समाजसेवी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, अशोक जैन एवं पार्षद सविता साहू, रीटा केशरवानी, प्रियंका सोनी, मनजीत कौर सलूजा, कमल टडन, मनोजकांत पुरेना उपस्थित रहे।अतिथिगणों के द्वारा जन सामान्य को लाभान्वित किए जाने वालेविभिन्न विभागों स्टॉलो का भ्रमण कर विकास कार्यों का अवलोकन किया गया व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश रथ भारत संकल्प यात्रा वाहन का पूजन कर योजनाओं का वाचन कार्यक्रम बड़े स्क्रीन युक्त वाहन से लोगों को दिखलाया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि चित्तावर जायसवाल विशेष अतिथि विजय केशरवानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, शिव शंकर अग्रपाल के द्वारा प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं उसके लाभ अर्जित करने सहित देश के विकास और उन्नति पर किए जा रहे कार्यों को बताया गया। चित्तावर जायसवाल ने कहा कि भारत देश आज विकास और उन्नति क पद पर इतिहास गढ़ रहा है, 2024 के पश्चात यह गति और बढ़ेगी व लोकसभा चुनाव के बाद देश और राज्य और भी उन्नतशील होंगे।इस अवसर पर उज्जवला गैस के 06 हितग्राहियों को गैस सिलेंडर का वितरण भी किया गया, जिसमें जीतु साहू, गंगोत्री चंद्राकर, नंदरानी धीवर, मंटोरा जायसवाल, गायत्री फेकर, सावित्री यादव लाभान्वित हुए य केवाईसी के लिए 115 व ई-केवाईसी के 20 फार्म प्राप्त किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 119 फार्म का वितरण व 05 हितग्राही को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वनिधि योजना के अंतर्गत 49 आवेदन पत्र प्राप्त हुए व पूर्व के 12. हितग्राहियों को स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान किया गया व 02 हितग्राही नोहर ध्रुव व किशन चेलक को 20-20 हजार का चेक मंच से प्रदान किया गया। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 08 आवेदन पत्र व आधार अपडेट के 16 आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही आयोजन के दौरान मंच से वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें देश के विकास व उन्नति की तस्वीर अंकित थी व छ.ग.आर.एम.ए. एशोसिएशन का वार्षिक कैलेण्डर का भी विमोचन किया गया।

इस मौके पर जिला- बलौदाबाजार शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक डॉ.अभिजीत बैनर्जी, डॉ.आलोक तिवारी, डॉ. अविनाश केशरवानी, डॉ. जयप्रकाश दुबे, भानुप्रताप वर्मा सहित महिला स्व. सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया व स्कूल के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए नृत्य प्रस्तुत किया गया, मिनीमाता शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई.विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व स्टॉल में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी व आयोजन में भागीदारी निभाने वाले समस्त कर्मचारियो का मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के द्वारा आभार व्यक्त किया गया व मंच का संचालन गोपाल सिंह वर्मा शिक्षा विभाग व नगर पालिका के गुरूदत्त तिवारी के द्वारा किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में नरेश केशरवानी, एस.एन. पाध्ये, योगेश अग्रवाल, लखेपाल जायसवाल, विजयनारायण केशरवानी, शशिभूषण शक्ला, नीलम सोनी, अनामिका अग्रवाल, सरिता वर्मा, रजनी केशरवानी, सीमा केशरवानी, सबा अली खान, आकाश जायसवाल, मयाराम पाल, शांति पात्रे, रोमी साहू, कृष्णा द्विवेदी, संजय श्रीवास सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### किसान सम्मान निधि में आधार आधारित भुगतान अनिवार्य



**बलौदाबाजार, 7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 1 दिसम्बर, 2018 को लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य सभी भूमिधारक किसानों के परिवारों को उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार के साथ-साथ उनकी घरेलू जरूरतों को सुनिश्चित् करने के लिए विभिन्न आदानों की खरीद करते हुए उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करके आय सहायता प्रदान करना है। पंजीकृत समस्त कृषकों को प्रति वर्ष 6000 रुपये तीन समान किस्तों में सहायता राशि प्रदान की जाती है। पीएम-किसान के हितग्राहियों को योजना की 14वीं किस्त से राशि हस्तांतरण केवल आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 4455 हितग्राहियों को आधार कार्ड, आधार आधारित भुगतान प्रणाली हेतु आधार सीडिंग नहीं होने या पी.एफ.एम.एस. रिजेक्ट होने के कारण आगामी 16 वीं किस्त की राशि हस्तांतरण नहीं होगी। इस हेतु लंबित आधार सीडिंग को पुनः केवॉयसी/आधार लिंक एवं आधार आधारित भुगतान सक्रिय करने हेतु उप संचालक कृषि द्वारा बैंकर्स को पत्र जारी किया गया है। योजना के तहत् लाभ प्राप्त करने हेतु संबंधित हितग्राहियों से आग्रह है कि, वे संबंधित बैंक में संपर्क कर आधार सीडिंग/डी.बी.टी. सक्रिय कराने हेतु आधार कार्ड एवं पासबुक की छायाप्रति, आवेदन के साथ बैंक में जमा करें अथवा नजदीकी पोस्ट ऑफिस में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में आधार आधारित भुगतान हेतु नवीन खाता खुलवाऐं।

### छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला प्रधानपाठक निलंबित

**कोरबा, 7 जनवरी।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के घरीपखना स्थित विद्यालय के प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। उन पर बालिका आश्रम (छात्रावास) की छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप है। प्रकरण की जांच के बाद शिक्षा विभाग ने प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने इस प्रकरण में एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में यह मामला प्रकाश में आया था। जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के घरीपखना में अनुसूचित जनजाति वर्ग की बालिकाओं के लिए सरकार ने बालिका आश्रम की सुविधा दी है। जहां पर दूरदराज से वास्ता रखने वाली बालिकाओं को आवास सुविधा देने के साथ उन्हें स्थानीय विद्यालय में शिक्षा का लाभ मिल रहा है। यहां की कुछ छात्राओं ने आश्रम अधीक्षिका शिकायत करते हुए बताया था कि विद्यालय के प्रधान पाठक संदीप अग्रवाल की ओर से मानसिक प्रताड़ना के साथ छेड़छाड़ करता है। मामला गंभीर था इसलिए अधीक्षिका ने अधिकारियों को अवगत कराया। आनन-फानन में एक टीम मौके पर भेज कर पीडितों का बयान लिया गया। रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक अग्रवाल को निलंबित कर कार्यालय अटैच कर दिया है। आदेश में कहा गया कि हेडमास्टर की यह हरकत गैर जिम्मेदाराना है, जिससे मर्यादाएं टूटती हैं। विभाग की ओर से प्रकरण की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी भेजी गई थी, जिस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने आश्रम की अधीक्षिका को निर्देशित किया है कि दोषी हेडमास्टर के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। उधर प्रधान पाठक अग्रवाल ने सफाई देते हुए कहा है कि छात्रावास व विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर वे सवाल उठाते रहे हैं। इसलिए कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने उनके खिलाफसाजिश रची है।

## प्लेसमेंट कैम्प 8 को

**बलौदाबाजार,7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 8 जनवरी 2024 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक वेक्टर फाइनेंस प्रालिमि रायपुर द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप आफिसर के 17 पद शैक्षणिक योग्यता बारहवी उत्तीर्ण एवं अनुभव 1वर्ष, उम्र 18 से 32 वर्ष तक, वेतन 15 हजार 500 रूपये, ब्रांच एक्सक्यूटिव के 5 पद शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण एवं पीजीडीसीए, उम्र 18 से 32 वर्ष तक, वेतन 12 हजार 800 रूपये देय होगा। कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। ओरियन एजुकेशन सोसायटी बलौदाबाजार द्वारा मेसन टेऊनर के 4 पद शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, पॉलीटेक्निक, बीटेक उत्तीर्ण एवं अनुभव 1वर्ष, उम्र, 45 वर्ष तक, वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये, काउंसलर के 2 पद फिजियोलोजी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपये तक, मोबिलाइजर के 4 पद शैक्षणिक योग्यता बारहवी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 10 हजार 15 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। सेफ इंटेलिजेन्ट सेक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई (दुर्ग) द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, शैक्षणिक योग्यता पांचवी से बारहवी उत्तीर्ण, सेक्यूरिटी सुपारवाईजर के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं 2 वर्ष का अनुभव, इलेक्ट्रिशियन के 4 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई एवं 2वर्ष का अनुभव, केमिस्ट के 2 पद शैक्षणिक योग्यता बीएससी/एमएससी एवं 2वर्ष का अनुभव, वेतन 9 हजार से 15 हजार तक पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनंदगांव, डोगढगढ़, बालोद, छत्तीसगढ़ होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727-299443 में सम्पर्क कर सकते है।

## विधायक ने किया छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी फाउंडेशन के कैलेंडर का विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 7 जनवरी।** छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी (CTB) फाउंडेशन द्वारा पिछले 3 सालो से इस्लामिक/सामाजिक कैलेंडर निकाला जा रहा है, इस मौके पर CTB फाउंडेशन के कैलेंडर 2024 का 5 जनवरी को विधायक इन्द्र साव के द्वारा छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी फाउंडेशन, CTB कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया। विधायक को अपने समाज के बारे में व CTB फाउंडेशन के क्रि याकलापों से अवगत कराया गया, CTB फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार मिशन के तहत समाज के जरूरत मंद लोगों को मदद की जा रही है।

विधायक ने विमोचन पर अपनी शुभकामनाओं, मुबारकबाद दी और समाज व फाउंडेशन को समय पड़ने पर हर संभव सहयोग, सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया । CTB फाउंडेशन दिलों की गहराइयों से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त करता हैं। विमोचन के दौरान तेली बिरादरी भाटापारा बस्ती से काफी तादाद में बड़े बुजुर्ग व नौजवान शामिल हुए, जिनमे CTB फाउंडेशन भाटापारा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ चौहान, पेंड्रा वाले अयूब बाठिया, फकरु भाई, रईस अहमद, शफीक भाटी, सोनू खोखर, कलाम बांठिया, आदिल गोड, असलम बांठिया आदि मौजूद थे।

## विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के समंबन्ध में दी गई जानकारी

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 7 जनवरी।** प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता जैन ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के संबंध में जानकारी दी। बैठक में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के सम्बन्ध में पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 06 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 06 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक होगी। विशेष अभियान 13 जनवरी से 14 जनवरी तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 तक निर्धारित किया गया है।

बताया गया कि आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी2024 के साथ- साथ तीन अन्य अर्हता तिथियाँ 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं नए नागरिकों के प्ररूप-6 में अग्रिम आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। 06 जनवरी 2024 की स्थिति में मतदाताओं की विधानसभावार स्थिति की जानकारी दी गई। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में कुल 101789 मतदाता हैं जिनमें 51195 पुरूष, 50593 महिला और 01 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में कुल 362064 मतदाता हैं जिनमें 181491 पुरूष, 180570 महिला एवं 03 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में कुल 178862 मतदाता है जिनमें 89138 पुरूष, 89724 महिला और 0 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में कुल मतदाता 253129 मतदाता हैं जिनमे 126175 पुरुष, 126943 महिला और 11 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इस तरह जिले में कुल 895844 मतदाता हैं जिनमें 447999 पुरूष, 447830 महिला, 15 थर्ड जेण्डर, 8155 दिव्यांग एवं 18752 युवा मतदाता हैं। जिले की चारों विधानसभा में कुल 1009 मतदान केन्द्र हैं जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में129, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में 402, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में 196 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में 282 मतदान केन्द्र शामिल हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार देवांगन पिता सुखराम देवांगन जाति कोष्टा निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा कास्तकार ग्राम औरेंठी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर भूमि खसरा नंबर 105/12 रकबा 0.0291 हे. ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) में स्थित हैं। आवेदक उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन मय बी-1. खसरा, नक्शा की प्रति एवं पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/01/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम केसली प.ह.नं. 25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम केसली प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनत कुमार वर्मा पिता जीवन लाल जाति कुर्मी साकिन परसवानी कास्तकार ग्राम केसली तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम केसली प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 148/2 रकबा 0.1600 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि 148/2 रकबा 0.1600 हे. में से रकबा 0.0929 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति एवं पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/01/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 01/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

# चीनी नहीं है घर में, लो मेहमान आ गये... मंहगाई की भट्ठी पे, शराफत उबाल दो...






छग में नई भाजपा की सरकार को ग्रामीण अर्थ व्यवस्था ठीक करने के साथ मंहगाई, बेरोजगारी के अलावा अपनी घोषणा के अनुसार किसानों को दो पिछला बोनस देना पड़ा है वहीं महतारी वंदन योजना में हर विवाहित महिला को एक हजार रुपये मासिक भी भुगतान करना होगा जिसके कारण आर्थिक भार पड़ेगा वहीं पिछली भूपेश सरकार का करीब 82 हजार करोड़ का कर्ज भी विरासत में मिला है।

नई सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी(पूर्व आईएएस)पर बड़ी जिम्मे दारी होगी क्योंकि अपनी सरकार की घोषणा तो पूरी करनी होगी वहीं कर्ज की अदायगी भी करनी पड़ेगी। भूपेश सरकार ने विधान सभा में बताया था कि जनवरी, 2023तक उस पर कुल 82, 125 करोड़ रुपये कर्ज है।कर्ज की राशि में भारी वृद्धि की एकअहम वजह कोरोना महामारी का काल है जिसकी वजह से देश के तकरीबन सभी राज्यों के राजस्व के अपने स्त्रोत सूख गये थे।तथ्य यह है कि नई सरकार को आने वाले पांच वर्षों के दौरान उक्त कर्ज के एक बड़े हिस्से की अदाएगी करनी होगी। आरबीआई डाटा केअनुसार वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 के दौरान मप्र पर बकाये कुल कर्ज का 40.3 प्रतिशत राशि को चुकाना होगा। राजस्थान की सरकार को इस दौरान 40.5 प्रतिशत तेलगांना की नई सरकार को 29.7 प्रतिशत कर्ज की राशि चुकानी होगी।सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ की सरकार को मौजूदा कर्ज की राशि की 70.4 प्रतिशत राशि चुकानी होगी।

## पहले भगवान फिर भक्त बनते हैं छग के गृहमंत्री..

छग गठन के बाद भगवान के नामधारी गृहमंत्री बनते रहे, पर भूपेश सरकार में भक्त नामधारी को गृहमंत्री बनाया था।विष्णुदेव साय ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा कोगृहमंत्री बनाया है, विजय शर्मा भी हनुमान केभक्त हैं।पिछले गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, भगवान कृष्ण के परम भक्त राजा मयूरध्वज के पुत्र का नाम था।

आरे से चीरने की जानकारी ताम्र ध्वज की पौराणिक किव दंतियों में मिलती है खैरआंकड़े के हिसाब से राज्य बनने के बाद या यों कहें कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से नक्सल वाद बढ़ा, अपराध दर में वृद्धि भी हुई थी। नक्सलियों के हमले से कांग्रेस के बड़े नेताओं की हत्या, 74 सीआरपीएफ के जवानों की शहादत, दंतेवाड़ा में देश का सबसे बड़ा नक्सली जेल ब्रेक, नक्सली हमले से युवा पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे की शहादत, युवा पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा की खुदकुशी (?), भिलाई- कुम्हारी के पास रेलअप हरण कर एक कुख्यात अपराधी को पुलिस हिरासत से छुड़वा लिया गया? खैर नये राज्य के गठन और भगवान के नामधारी गृहमंत्रियों पर एक नजर डालें..नया राज्य बनने के बाद जोगी की सरकार में पहले गृहमंत्री नंदकुमार पटेल बनें।नाम में 'नंद' का समावेश था नंद यथा कृष्ण से जुड़ा हुआ है।बाद में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमनसिंह की पहली पारी 2003 में वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल को गृहमंत्री बनाया गया। इनके तो नाम मैं ही 'मोहन' जुड़ा था यानि इनका नाम भी कृष्ण का ही उपनाम है।इसके बाद से डा.रमन ने कृष्ण के नाम को सुरक्षा से नहीं जोड़ने का संभवतः निर्णय लिया तथा 'मोहन' को हटाकर 'राम' नाम का सहारा लिया।वैसे भी 'श्रीराम' को तो भाजपा अपनी पार्टी का ही मानती है।श्रीराम को तो एक तरह से भाजपा अपना 'कापी राइट' ही समझती है।डा. रमन की दो पारियों में क्रमशः रामविचार नेताम और ननकी राम कंवर को गृहमंत्री बनाया इनके नाम में भी 'राम' जुड़ा था, ननकी राम 1977 के संसदीय सचिव रहे, इस राम के खाते में भी कोई खास उपलब्धि नहीं आई यही नहीं 2013 का विधानसभा चुनाव भी वे हार गये2013 में गठित मंत्रिमंडल में गृहमंत्री के रूप में तीसरे राम को जिम्मेदारी दी गई।तीसरे राम थे रामसेवक पैकरा, सीधे-सादे पैकरा का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष होने के कारण प्रदेश के आम तथा नेताओं से अच्छे संबंध थे, पर वे भी सफल नहीं हो सके यही नहीं अगला चुनाव भी हार गये।बाद में भूपेश की सरकार में सीएम के दावेदार ताम्रध्वज साहू को कॉग्रेस आलाकमान की राय पर गृहमंत्री बनाया गया था पर वह भी 2023 का विस चुनाव हार गये।

## हिट एंड रन... नये कानून का विरोध......?

2024 के पहले दिन ही पेट्रोल पम्पों में लम्बी लाइनें लग गई थी, कारण था ट्रक और बड़ी गाड़ी के ड्राइवरों की हड़ताल। पेट्रोल टेंकरों के ड्राइवर की भी हड़ताल से पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित होने संकट की आशंका थी।ड्राइवरों की हड़ताल का कारण केंद्र द्वारा 'हिट एंड रन' के मामलों में विदेश की तर्ज पर सख्त प्रावधान लाया गया है। इसे लाने से पहले विदेश की तरह बेहतर सड़क और परि वहन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए था।प्रदर्शन कारी ड्राइवरों का कहना था कि नएकानून के अनुसार, 'हिट एंड रन' मामलों में 10 साल तक की जेल और सात लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। ड्राइवर इतनी बड़ी राशि कैसे भर सकते हैं। हिट एंड रन मामले में आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 304 ए (लापरवाही के कारण मौत)और 338(जान जोखिम में डालना) के तहत केस दर्ज किया जाता है।इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। खास मामलों में आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ी जाती है।हि?ट एंड रन कानून में बदलाव के बाद सेक्शन 104(2) के तहत हिट एंड रन के बाद अगर आरोपी ड्राइवर घटना स्थल से भागता है या पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं करता है तो उसे 10 साल तक की सजा भुगतनी पड़ेगी। 7 लाख रुपये का जुर्माना भी देना होगा।वैसे फिलहाल केंद्र सरकार इस क़ानून पर पुनर्विचार का आश्वासन देकर आदोलन को कुछ दिन टालने में सफल हो गई है?

## विष्णु देव, किरण देव के बाद कुछ 'देव' की बारी...

छग की सरकार के मुखिया यानि सीएम विष्णु देव साय बने हैं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव बने है लगता है कि अब 'देव' नाम धारियों की निकल पड़ी है।जल्दी ही 2वरिष्ठआईपीएस तथा 'देव'नाम धारीडायरेक्ट जनरल (डीजी)बन जाएँगे।छ्ग में नई सरकार बनते ही एसीएस तथा सचिव की पदोन्नति हो गई है अब पुलिस मुख्यालय में कुछ बड़ेअफसरों की पदोन्नति होना है।2 एडीजी कोडीजी बनाने के लिये जल्दी ही डीपीसी होने की चर्चा तेज है।छ्ग पुलिस में डीजी के 2 रिक्त पदों के 1992 बैच के पवन 'देव' और अरुण 'देव' गौतम दावेदार हैं।हालांकि दोनों एडीजी को जनवरी 22 में ही पदोन्नत हो जाना था पर इनका इंतजार खत्म नहीं हुआ। वैसे डीपीसी की चर्चा तेज हुई थी पर छ्ग विधान सभा चुनाव को लेकर आचार संहिता के चलते पदोन्नति समिति की बैठक नहीं हो सकी थी।जल्दी डीपीसी होने की संभावना है।इधर काफी समय से जनसंपर्क में लूपलाईन में पदस्थ आलोक 'देव'भी जल्दी ही एडीशनल डायरेक्टर पदोन्नत होने वाले हैं।









## 88 आईएएस का तबादला, आईपीएस मयंक को बड़ी जिम्मेदारी

छ्ग की विष्णुदेव सरकार ने 88आईएएस तथा एक आईपीएस का तबादला कर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी कर दी है।जिसमें एसीएस, सचिव, उप सचिव से लेकर 19 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं।इधर एडीजी स्तर के अधिकारी दीपांशु काबरा को आयुक्त जन संपर्क के पद से हटाकर उनकी जगह आईपीएस मयंक श्रीवास्तव कीनियुक्ति महत्वपूर्ण जिम्मेदार पद पर की गई है। 2009-10 तथा 2014 में इन्होंने 3 राज्य पालों के एडीसी का कार्य भार भी सम्हाला था। मयंक कोरबा, दुर्ग, बिलासपुरआदि जिलों में एसपी रह चुके हैं तो नक्सली क्षेत्र सुकमा, नारायणपुर आदि में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जांजगीर में एक मूक बधिर बालक के गड्ढे में गिरने के मामले में इनकी टीम ने इनके निर्देश में सफल आपरेशन भी चलाया था।

## और अब बस...

» क्या दिल्ली से कोई रिटायर आईएएस छ्ग आ सकता है...?

» छग के एक चर्चित पूर्व मंत्री को नई सरकार में मंत्री नहीं बनाने के पीछे क्या एक बड़े नेता का दबाव था

# तीन दिवसीय विप्र खेल उत्सव का समापन



**रायपुर, 7 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल उत्सव के तीसरे दिवस कबडडी व क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मैच देखने को मिला ।प्रथम मैच में वाणिज्य विभाग ने कंप्यूटर विभाग को पराजित किया। दूसरे मैच में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने प्राध्यापकों की टीम को 10 विकेट से पराजित किया। पहले बैटिंग करते हुए प्राध्यापकों की टीम ने 8 ओवर में 51 रन बनाए। राजेश तिवारी ने सर्वाधिक 18 रन बनाया। जवाब में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने बिना विकेट खोए आवश्यक रन बना लिए। फाइनल मुकाबले में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने वाणिज्य विभाग को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद छात्राओं के लिए कुर्सी दौड़ व अन्य मनोरंजन गेम कराए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि तीन दिन के खेल उत्सव में जो विद्यार्थी मैदान पर खेलते नजर आए, उनके चेहरे में एक अलग सी ताजगी दिख रहा है। इसलिए सभी बच्चों को रोज मैदान में खेलना चाहिए। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अलग-अलग खेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## व्यापारी उद्योग संघ रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 8 से

**रायपुर, 7 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल जैन ने बताया कि चेम्बर एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में स्व. विजय होतवानी स्मृति जिला स्तरीय व्यापारी उद्योग संघ रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 8 जनवरी 2024 से 20 जनवरी 2024 तक सुभाष स्टेडियम, रायपुर में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में चेम्बर के सदस्य व्यापारी उद्योग संघों/एसोसियेशन/नगर एवं जिला इकाइयों की 28 टीम शामिल होगी। क्रिकेट मैच टेनिस बॉल से होगा। 28 टीमों में से 7 टीमें नॉक आउट सिस्टम से आयेगी।

## संजय रावत समन्वयक मनोनीत

**रायपुर, 7 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि फेडरेशन ऑफइंडियन चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्री फिक्की, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से समन्वयक के रूप में चेम्बर प्रदेश सलाहकार संजय रावत को मनोनीत किया गया है। संजय रावत फिक्की, नई दिल्ली में चेम्बर का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं समय पर आयोजित बैठकों में भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से फिक्की, नई दिल्ली में समन्वयक के रूप में चेम्बर प्रदेश सलाहकार, संजय रावत को मनोनीत किये जाने पर चेम्बर के समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26